जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 58 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 18 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# मेरी 2 साल बनाम 5 साल बहस की चुनौती का विपक्ष के पास नहीं था जवाब, सदन से भाग गया था विपक्ष : भजनलाल शर्मा

**राजस्थान युवा शक्ति दिवस 2026 के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भाषण सुनकर प्रदेश के युवाओं के चेहरे खिल उठे, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने दिखाई उपस्थित, कार्यक्रम में 485 करोड रुपए के विकास कार्यों का भजन लाल शर्मा ने किया शिलान्यास और थ्री बेस्ट स्टेटस को अवार्ड भी दिए तथा बड़ी संख्या में युवाओं को स्किल सर्टिफिकेट भी बांटे, कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा, कानून मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग मंत्री राज्यवर्धनसिंह, विधायक बालमुकुंद आचार्य गोपाल शर्मा मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास और अन्य अधिकारी भी रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** वैसे तो प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अपने कार्यकाल में प्रदेश के युवाओं के लिए अब तक कई तरह के कल्याणकारी कार्यक्रम और विकास कार्य संपादित किए, बड़े पैमाने पर सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियां भी थी और नीतियां बनाकर युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के शानदार तरीके से सरकार की ओर से प्रयास भी किया जा रहे हैं इसलिए प्रदेश के युवाओं में भजनलाल सरकार के प्रति जबरदस्त भरोसा और विश्वास बना हुआ है इसकी झलक मंगलवार को उस समय भी देखने को मिलीजब जयपुर के मानसरोवर में स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित राजस्थान युवा शक्ति दिवस 2026 के कार्यक्रम में प्रदेश के कोने-कोने से आए बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी उपस्थिति दिखाई इसके अलावा पूरे कार्यक्रम में मौके पर मौजूद हुआ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कार्यशैली और उनके व्यवहार की तारीफ करते हुए भी दिखे और जब भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में युवाओं से कहा कि आप मन लगाकर पढ़ाई करो, खूब नौकरियां दी है और आगे भी देंगे, सरकार आपके साथ है तो फिर वहां मौजूद युवाओं ने तालिया की गड़गड़ाहट से मुख्यमंत्री शर्मा का शानदार स्वागत किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में 485 करोड रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया और टॉप 3 बेस्ट स्टार्टअप्स को अवार्ड भी दिए और बड़ी संख्या में युवाओं को स्किल सर्टिफिकेट भी दिए, शानदार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश की पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार को पेपर लीक, भ्रष्टाचार जैसे मामलों में कटघरे में भी खड़ा किया तो दूसरी तरफ वर्तमान में विपक्ष की भूमिका में मौजूद कांग्रेस पार्टी को जमकर खरी खोटी सुनाई और






कहा कि मैंने 2 साल बनाम 5 साल सरकार के कामकाज की बहस के लिए कांग्रेस के नेताओं को चुनौती दी थी लेकिन उनकी चुनौती का कांग्रेस के नेताओं के पास आज तक कोई जवाब नहीं है यहां तक की मेरी चुनौती और बहस से बचने के लिए सदन से विपक्ष भाग गया था उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने 5 साल में जितने काम किए थे उनसे कई गुना ज्यादा काम हमारी सरकार ने 2 साल में ही कर दिए यह सच्चाई है जिसको लेकर हमारी सरकार ने तथ्यात्मक तरीके से आंकड़ों के साथ एक किताब भी तैयार की थी जो सदन में चर्चा के लिए भी हमने प्रस्तुत की लेकिन विपक्ष हमारी किताब को पढ़कर बैक फुट पर हो गया क्योंकि विपक्ष के पास हमारी किताबों के आंकड़ों का जवाब देने के लिए कुछ था ही नहीं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश की युवाओं का बेहतर भविष्य बनाने के लिए बाकायदा नीति बनाई है और नीति के आधार पर हम प्रदेश के युवाओं का विकास और कल्याण कर रहे हैं उन्होंने युवाओं से कहा कि आप सब मन लगाकर पढ़ाई करो मेहनत करो, अब कोई भी पेपर लिक नहीं होगा, हमने अब तक भी खूब नौकरियां दी है और आगे भी खूब नौकरियां देंगे मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में अब तक आयोजित विभिन्न सरकारी भर्ती परीक्षाओं में एक भी पेपर लिक नहीं हुआ सभी परीक्षाएं शांतिपूर्वक और पारदर्शक तरीके से आयोजित हुई यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है इसीलिए प्रदेश का युवा हमारी सरकार को उम्मीद की निगाह से देख रहा है उन्होंने युवाओं से कहा कि हमारी सरकार युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है युवा बिल्कुल भी चिंता नहीं करें ।

## पीएम मोदी की निगाह में देश में सिर्फ चार जातियां, इन चारों जातियों की भलाई और कल्याण में जुटी है केंद्र और राज्य सरकार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार देश में सिर्फ चार जातियां हैं यह है किसान, युवा, मजदूर और महिला इन चार जातियों के कल्याण और विकास के लिए केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं और कई योजनाएं प्रस्तुत करके युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है जिसके बहुत अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं उन्होंने कहा कि युवा देश की शक्ति है युवा देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में बड़ी भूमिका निभाते हैं और हमारे युवाओं ने ही दुनिया में अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी है इसलिए प्रदेश और देश के नवनिर्माण और विकास में युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में राजस्थान के युवा भी अग्रणी भूमिका निभाएंगे ऐसी उन्हें पूरी उम्मीद है उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में प्रदेश का युवा पूरे 5 साल तक खून के आंसू रोता रहा सड़कों पर आंदोलन करता रहा बेरोजगारी की पीड़ा सहाहता रहा और सरकार चुपचाप अपने परिजनों और रिश्तेदारों तथा नजदीक लोगों को तो नौकरियां देती रही लेकिन आम युवा नौकरी के लिए भटकता रहा उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक डेढ़ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दे दी है, 133000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में हैं तथा डेढ़ लाख नई सरकारी नौकरियों का भारती कैलेंडर जारी कर दिया है इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी पूरे 5 साल में 6 लाख युवाओं को नौकरी देने की दिशा में हमारी सरकार तेजी से कार्य कर रही है और जिला स्तर पर ही प्रदेश के युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरियां देने का प्रयास किया जा रहा है ।

## जिसने भी भ्रष्टाचार किया है वह निश्चित तौर पर जेल जाएगा, पिछली सरकार का मंत्री भी जेल गया है और कुछ पूर्व मंत्री अभी लाइन में हैं


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार को भ्रष्टाचार के मामले में जोरदार तरीके से लपेटा और कहा कि जांच एजेंसियां अपने स्तर पर जांच कर रही है जिसने भी भ्रष्टाचार किया है चाहे वह कितना ही बड़ा प्रभाव वाला व्यक्ति क्यों ना हो वह निश्चित रूप से जेल जाएगा पिछली सरकार का एक मंत्री जेल भी जा चुका है और कुछ पूर्व मंत्री अभी लाइन में है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कार्यक्रम में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश के भजनलाल सरकार ने युवाओं के हितों की रक्षा और कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान के युवा देश में अकेले ऐसे युवा हैं जो किसी भी तरह की चुनौती और विकट परिस्थितियों का सीना ठोक कर सामना करते हैं इसीलिए पूरे विश्व में राजस्थान के युवाओं को सम्मान मिलता है उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार प्रदेश के युवाओं के कल्याण और भलाई के लिए निरंतर कार्य कर रही है,इसी क्रम आज इस कार्यक्रम में 403 स्टार्टअप्स को 11.45 करोड़ रुपए का निधि प्रदान कर युवा उद्यमियों के सपनों को नई दिशा दी।

# कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी की मेहनत रंग लाई : इस बार गर्मी में जयपुर नहीं रहेगा प्यासा

## बीसलपुर सूरजपुर फिल्टर प्लांट की तकनीकी गड़बड़ी और कमी को किया गया दूर, अब प्लांट पूरी क्षमता से पानी को कर रहा है शुद्ध

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की मेहनत रंग लाई है उनकी इस मेहनत का फायदा जयपुर के लाखों लोगों को मिलेगा क्योंकि चौधरी के अथक प्रयासों से बीसलपुर सूरजपूरा फिल्टर प्लांट जो पिछले कई सालों से तकनीकी गड़बड़ी और कमी की वजह से क्षमता के अनुसार पानी को फिल्टर नहीं कर पता था जिसकी वजह से जयपुर में ठीक तरह से समुचित मात्रा में पानी की सप्लाई गर्मियों के दिनों में नहीं हो पाती थी लेकिन अब इस फिल्टर प्लांट की तकनीकी कमी और गड़बड़ी को पूरी तरह से दुरुस्त कर लिया गया है प्लांट अब पूरी क्षमता के अनुसार पानी को फिल्टर कर रहा है इसलिए इस बार गर्मी के दिनों में जयपुर के लोगों को पानी की समस्या से रूबरू नहीं होना पड़ेगा क्योंकि अब से पहले समुचित मात्रा में पानी फिल्टर नहीं होने की वजह से पेयजल की सप्लाई बाधित हुआ करती थी



इसलिए जयपुर के लोगों को जरूरत के मुताबिक गर्मी के मौसम में पानी नहीं मिल पाता था लेकिन इस बार इस फिल्टर प्लांट के बिल्कुल नए अंदाज और कलेवर में कार्य शुरू कर देने की वजह से अब रोजाना पर्याप्त मात्रा में इस प्लांट से पानी फिल्टर हो रहा है इसलिए इस बार गर्मी में जयपुर के लोगों को समुचित मात्रा में पानी मिलने के पूरे चांस है जानकार लोगों का कहना है कि बीसलपुर सूरजपुर फिल्टर प्लांट की तकनीकी कमी को दूर करने के लिए पिछली सरकारों ने और संबंधित विभाग के अधिकारियों ने कभी भी गंभीरता से ना तो विचार किया और ना ही तकनीकी कमी को दूर करने का प्रयास किया जैसा काम चल रहा था वैसा होने दिया जिसकी वजह से यह फिल्टर प्लांट अपनी क्षमता के अनुसार पानी को फिल्टर नहीं कर पा रहा था इसका सीधा खामियांजा जयपुर की जनता को भुगतना पड़ता था खासतौर से गर्मियों में जैसे ही भीषण गर्मी का दौर शुरू हो जाता है राजधानी जयपुर में पानी की आवश्यकता ज्यादा हो जाती है लेकिन प्लांट में समुचित मात्रा में पानी फिल्टर नहीं होने की वजह से चाहते हुए भी सरकार और विभाग जयपुर के लोगों को समुचित पानी उपलब्ध नहीं करवा पाती थी लेकिन प्रदेश में जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विभाग की जिम्मेदारी संभालने के तुरंत बाद इस फिल्टर प्लांट के बारे में तमाम तरह की जानकारियां हासिल की, इस प्लांट के पानी को फिल्टर करने की क्षमता क्या है ? प्लांट में रोजाना कितना पानी फिल्टर हो रहा है जब उन्हें पता चला कि इस प्लांट में क्षमता के अनुसार पानी फिल्टर नहीं हो पा रहा तो फिर उन्होंने इस प्लांट की तकनीकी गड़बड़ी और कमी को दूर करने के लिए बड़े-बड़े इंजीनियर और विशेषज्ञ से बातचीत की और प्लांट की पानी फिल्टर करने की क्षमता को दुरुस्त करने के निर्देश दिए मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने खुद इस पूरे कार्य पर निगरानी रखी इसी का नतीजा रहा कि इस प्लांट में जो तकनीकी गड़बड़ी और कमी थी उसको दूर किया गया जिसकी वजह से यह प्लांट अब अपनी क्षमता के अनुसार पानी फिल्टर कर रहा है इसलिए विभाग के अधिकारियों का भी कहना है कि इस बार गर्मी के दिनों में जयपुर के लोगों को समुचित मात्रा में पानी उपलब्ध करवाया जाएगा क्योंकि अब प्रचुर मात्रा में पानी फिल्टर होने से विभाग के अधिकारी जयपुर शहर को पानी देने से इनकार नहीं कर पाएंगे ।

# ममता के गढ़ में राजस्थान के धुरंधर! बीजेपी ने कैलाश चौधरी सहित कई बड़े नेताओं को सौंपी बंगाल की कमान

जयपुर टाइम्स

**(एंजेसी)**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सियासत के गलियारों में हलचल तेज हो गई है. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गढ़ में सेंध लगाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सबसे भरोसेमंद 'राजस्थान टीम' को मैदान में उतार दिया है. बीजेपी हाईकमान ने राजस्थान के कई अनुभवी और कद्दावर नेताओं को बंगाल की अलग-अलग विधानसभा सीटों पर इलेक्शन मैनेजमेंट की कमान सौंपी है।

## कैलाश चौधरी के नेतृत्व में 'सियासी योद्धा' तैनात

बीजेपी के इस 'मिशन बंगाल' में सबसे बड़ा नाम पूर्व केंद्रीय मंत्री और किसान नेता कैलाश चौधरी का ह। उनके साथ ही आक्रामक तेवरों वाले विधायक जितेंद्र गोठवाल, अतुल भंसाली और लादू लाल तेली जैसे धुरंधरों को भी जिम्मेदारी दी गई ह।



इन नेताओं को न केवल संगठन विस्तार, बल्कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और 'इलेक्शन मैनेजमेंट' की कमान सौंपी गई ह।

## प्रवासी राजस्थानियों पर बीजेपी का बड़ा दांव

पश्चिम बंगाल की दर्जनों ऐसी सीटें हैं जहां प्रवासी राजस्थानी (मारवाड़ी समाज) निर्णायक भूमिका में हैं। इन वोटर्स को साधने के लिए बीजेपी ने राजस्थान के नेताओं को 'ब्रिज' के तौर पर इस्तेमाल करने की योजना बनाई ह। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ भी जल्द ही बंगाल के तूफानी दौरे पर जाएंगे और प्रवासी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि राजस्थान के ये नेता अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में सक्रिय हो चुके ह। इस टीम में पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया, अशोक सैनी, मोतीलाल मीणा, पवन दुग्गल, नीरज जैन और वासुदेव चावला जैसे अनुभवी नाम शामिल हैं। इन नेताओं का काम स्थानीय स्तर पर ममता सरकार के खिलाफ माहौल बनाना और बीजेपी के वोट बैंक को मजबूत करना ह। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राजस्थान के नेताओं की संगठनात्मक क्षमता और प्रवासियों से उनका सीधा जुड़ाव बीजेपी के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता ह। ममता बनर्जी के आउटसाइडर वाले नैरेटिव को काटने के लिए बीजेपी इन राजस्थानी नेताओं के जरिए प्रवासी एकता का कार्ड खेल रही ह।



अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
18 मार्च, 2026

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने किया हेल्थ कैम्प का उद्घाटन

### राज्य सरकार चिकित्सा तंत्र को मजबूती प्रदान कर आमजन को लाभांवित कराने हेतु कृतसंकल्पित - वन राज्यमंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अलवर ट्रांसपोर्ट नगर में श्री राम फाइनेंस कंपनी द्वारा आयोजित हैल्थ कैंप का उद्घाटन किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य व्यक्ति की पहली प्राथमिकता है। व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा होगा तभी वह उन्नति कर सकता है। उन्होंने श्री राम फाइनेंस कंपनी द्वारा आयोजित हैल्थ कैंप की सराहना करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से आमजन अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कराने के साथ उनके समाधान करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा तंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत किए गए अब तक के तीनों बजटों में चिकित्सा क्षेत्र को विशेष तरजीह प्रदान की गई है, जिसमें शिशु वार्ड का उन्नयन, शिवाजी पार्क को पीएचसी से सीएचसी में क्रमोन्नयन, बुधविहार में आयुष्मान आरोग्य केंद्र आदि सौगातें शामिल है।

## जिला बॉक्सिंग ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, 7 मुक्केबाज राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए चयनित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में मंगलवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम, अलवर में जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की बॉक्सिंग ट्रायल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। ट्रायल में जिलेभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। संघ के सचिव देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर बालक वर्ग में हिमांशु पटवाल, दक्ष यादव, अमन महियाल एवं शुभांश नस्का का चयन किया गया है। वहीं बालिका वर्ग में सोनम सैनी, हर्षिका व्यास एवं प्रभनूर कौर को राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए चुना गया है। उन्होंने जानकारी दी कि चयनित सभी खिलाड़ी आगामी 23 एवं 24 मार्च 2026 को अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय ट्रायल में भाग लेंगे, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ट्रायल के चयन प्रक्रिया में भूपेंद्र सिंह राठौड़, विकास शर्मा, महावीर प्रसाद राजोरिया एवं विनीत जुनेजा की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर बॉक्सिंग कोच सुनील सैनी, मनीष सैनी, हुकुम सिंह गोंड, गिरीश शर्मा, अजीत यादव, तेजस इकदाया सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### जिला कलक्टर ने किया शहर का दौरा

## शहर की सड़कों व साफ-सफाई व्यवस्था का नगर निगम की टीम के साथ किया निरीक्षण

### एनकेप से सड़क व शोल्डरिंग कराने के प्रस्ताव तैयार करने के दिए दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगर निगम की टीम के साथ अलवर शहर का दौरा कर निकाय क्षेत्र की सडकों की स्थिति एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने प्रताप ऑडिटोरियम से सोनावा डूंगरी होते हुए ज्योतिराव फूले सर्किल से तिजारा फाटक से टैल्को सर्किल तक, एरोड्रम रोड व कला महाविद्यालय से एनईबी क्षेत्र की सडकों एवं साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को शहर की सडकों पर धूल प्रबंधन हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकेप) के तहत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये, जिसमें क्षतिग्रस्त मिले एरोड्रम रोड को नया बनाने, कला महाविद्यालय से एनईबी मस्जिद तक क्षतिग्रस्त रोड को नया बनवाने, तिजारा फाटक से टेल्को रोड के एकतरफ के क्षतिग्रस्त रोड को नया बनवाने के प्रस्ताव बनाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही निर्देश दिये कि इन रोड के दोनों तरफ आवश्यकतानुरूप इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाकर शोल्डरिंग कार्य के भी प्रस्ताव तैयार करावे। उन्होंने शहर की साफ-सफाई की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि ऑटो टिपर में गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक डालने हेतु आमजन को जागरूक भी किया जावे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, सहायक अभियन्ता दिनेश वर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता कृति विजय व एनकेप विशेषज्ञ योगेश पूनिया मौजूद रहे।

## मण्डावा में नव नियुक्त ईओ शेखावत का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा नगर पालिका के नव नियुक्त अधिशाषी अधिकारी लोकेंद्र सिंह शेखावत का मंगलवार को पालिका मंडावा में पूर्व वाइस चेयरमैन नवाब खत्री, युवा राजपूत महासभा जिलाध्यक्ष दलीप सिंह वाहिदपुरा, पार्षद अब्बास खान ने माला व साफा पहनाकर कर स्वागत किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### राजस्थान दिवस-2026

# राजस्थान युवा शक्ति दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं को समर्पित 485 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में युवाओं को सौंपे कौशल प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजस्थान युवा शक्ति दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राजकीय विधि महाविद्यालय अलवर में 1.68 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 6 नवीन कक्षा-कक्षों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।
जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार की संस्थाओं आरसेटी/ आरकेसीएल/ आरएसएलडीसी से एआई कोर्स, वेब डिजाइनिंग जैसी विधाओं में प्रशिक्षित 9 हजार 432 युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण पत्रों का वितरण किया। इसी प्रकार 403 स्टार्टअप्स को वायबिलिटी गैप का 1 हजार 145 लाख रुपये का फंड वितरित किये। वहीं, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत प्रथम लाभार्थी को चेक भी सौंपा। कार्यक्रम में लघु फिल्म 'युवाओं का उत्थान' का प्रदर्शन भी किया गया।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में युवाओं को सौंपे प्रमाण पत्र

जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रतीकात्मक प्रमाण पत्र सौंपे। आरएसएलडीसी के प्रबंधक ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत युवाओं की स्किल में सुधार के लिए अनवरत प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं, जिसमें सतवंत सिंह, सोनू कंवर, खुशबू एवं निकिता को प्रमाण पत्र मिले हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षाविद दिनेश शर्मा ने किया।

### लाभार्थियों ने युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण के अनुभव साझा

लाभार्थी सतवंत सिंह एवं सोनू कंवर कौशल प्रशिक्षण का अनुभव साझा करते हुए बताते है कि दक्षता के अभाव के कारण बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे। सरकार की दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत हमें स्किल डवलपमेंट हेतु होम हैल्थ एड का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसका हमें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। अब हमें आसानी से रोजगार के अच्छे अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार गरीब व जरूरतमंद युवाओं को स्किल प्रशिक्षण दिलाकर स्वरोजगार एवं जॉब के अवसर प्रदान कर रही है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, उपखंड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. दिनेश सूद, आरएसएलडीसी के प्रबंधक अभिनव दीक्षित सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नवनियुक्त कार्मिक मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण से 1365 लाभार्थियों को बनाया फोस्टैक सुपरवाइजर

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिले में खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स को फोस्टैक (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण मंगलवार को अग्रवाल सदन, खैरथल में आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई), नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया गया। सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित इस प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के कुल 1365 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। इनमें मिठाई विक्रेता, दुकानदार, अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड डे मील के प्रभारी एवं कुक, विभिन्न आवासीय विद्यालयों के भोजन बनाने वाले कर्मचारी, राजीविका समूह के सदस्य सहित विभिन्न प्रकार के खाद्य व्यापारियों को आमंत्रित किया गया था। इसके अतिरिक्त मिठाई व नमकीन विक्रेता, होटल-रेस्टॉरेंट संचालक, डेयरी संचालक, थोक एवं खुदरा किराना व्यापारी, घी-तेल व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता, चाय की थड़ी लगाने वाले, कचौरी-पकौड़ी बनाने वाले तथा अन्य स्ट्रीट वेंडर्स ने भी प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान खाद्य व्यापारियों को रीयूज्ड कुकिंग ऑयल (आरयूसीओ) के उपयोग और उससे होने वाले स्वास्थ्य नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य सामग्री तैयार करने के नियमों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण देने वाली टीम में महिपाल सिंह, अमनप्रीत, खुशबू तथा सुभाष सिंह उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग द्वारा बिना टैक्स के संचालित 20 वाहनों को किया गया जब्त

### भार वाहन मालिक 2026-27 का वार्षिक टैक्स ऑनलाइन वाहन पोर्टल 4.0 पर 31 मार्च तक जमा करावे

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** प्रादेशिक परिवहन विभाग की टीम द्वारा बिना टैक्स एवं अवैध रूप से संचालित वाहनों पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को 20 वाहनों को जब्त/डिटेन किया गया। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी रविन्द्र जोशी ने बताया कि जब्त/डिटेन किए गए 20 वाहनों में से एक बस का बिना टैक्स एवं रूट से हटकर संचालित होते पाये जाने पर जब्त किया गया। इस बस मालिक के नाम से एक अन्य बस का टैक्स भी बकाया पाया गया। उन्होंने बताया कि सभी वाहनों के वाहन मालिक के नाम से पंजीकृत अन्य वाहनों की कार्यालय में जांच कर जुर्माना राशि एवं बकाया टैक्स जमा होने के पश्चात ही वाहनों को रिलीज करने की कार्यवाही की जाएगी। बिना टैक्स एवं अवैध रूप से संचालित वाहनों पर आगामी दिवसों में भी विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि ऐसे समस्त वाहन मालिक जिनके भार वाहनों का 2026-27 का वार्षिक टैक्स आदिनांक तक जमा नहीं हुआ है वे ऑनलाइन वाहन पोर्टल 4.0 पर 1.5' पेनल्टी के साथ 31 मार्च तक 2026 तक टैक्स जमा करा सकते हैं। इसके पश्चात 3' प्रतिमाह पेनल्टी के साथ टैक्स वसूल किया जावेगा। बिना टैक्स के संचालित समस्त वाहनों को जब्त/डिटेन की कार्रवाई निरन्तर की जा रही है। अतः समस्त वाहन मालिक वाहन जप्ती एवं पेनल्टी से बचने के लिए यथाशीघ्र वाहनों का टैक्स जमा करावे।

## वरिष्ठता विवाद पर बढ़ा असंतोष, कर्मचारी महासंघ ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (भामस) ने कार्यवाहक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश मीणा को ज्ञापन सौंपकर नर्सिंग कर्मियों की वरिष्ठता से जुड़े मामले में आपत्ति दर्ज कराई। महासंघ ने वार्ड प्रभारी नियुक्ति में वरिष्ठता की अनदेखी का आरोप लगाते हुए इसे भेदभावपूर्ण निर्णय बताया। महासंघ के जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने कहा कि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी द्वारा नर्सिंग स्टाफ की वरिष्ठता को दरकिनार करते हुए वार्ड प्रभारी के आदेश जारी किए गए हैं, जिससे वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारियों में रोष व्याप्त है। नर्सेज नेता राजेंद्र वर्मा ने बताया कि आइसोलेशन वार्ड के इंचार्ज शिवकुमार बंसल की सेवानिवृत्ति में चार से पांच माह का समय शेष है, इसके बावजूद सुरेश मीणा को प्रभारी नियुक्त कर दिया गया, जबकि उनसे वरिष्ठ नर्सिंग कर्मी सुनीता शर्मा अस्पताल में मौजूद थीं और उन्हें जिम्मेदारी नहीं दी गई। महासंघ ने आरोप लगाया कि बिना वरिष्ठता और सहमति के जारी किए गए ये आदेश पक्षपातपूर्ण नीति को दर्शाते हैं। जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि आदेशों की समीक्षा कर सुधार नहीं किया गया, तो संगठन उच्च अधिकारियों से वार्ता करेगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुकेश शर्मा, अजय सोनी, गिरीश उपाध्याय, सुखपाल वर्मा, गजेंद्र सिंह, लोकेश माथुर, संदीप, योगेश नेहरा, कपिल मुखेजा, रमेश जाट, हितेश शर्मा, यधुवीर, नारायण सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने किया केसरपुर स्कूल का निरीक्षण

### ई-विद्या प्रोजेक्ट के तहत तैयार हुई डिजिटल ई-लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से संवाद कर किया प्रोत्साहित

### साफ-सफाई एवं स्वच्छता तथा क्लास रूम का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केसरपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ई-विद्या प्रोजेक्ट के तहत तैयार की गई डिजिटल ई-लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया।
जिला कलक्टर ने विद्यालय के कक्षा-कक्ष, साफ-सफाई, ई-लाइब्रेरी आदि का निरीक्षण कर प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। साथ ही कठिन विषयों पर विशेष फोकस करते हुए विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा भी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखते हुए विद्यालय परिसर, क्लास रूम व शौचालय में साफ-सफाई व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने ई-लाईब्रेरी में कंप्यूटर पर अध्ययन कर रहे बालक-बालिकाओं से विस्तृत बातचीत कर उनके शैक्षणिक स्तर को परखकर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कडी मेहनत व दृढनिश्चय से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए इस लाइब्रेरी का नियमित उपयोग करते हुए इन्हें आधिकाधिक अभ्यास करवाया जाए। उन्होंने विद्यालय में मेट्सो कंपनी द्वारा निर्मित कराई गई ई-लाइब्रेरी के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर समसा के एडीपीसी मनोज कुमार शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी अशिवनी शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमरैण सीमा शर्मा, प्रधानाचार्य पूनम खत्री सहित मेट्सो कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स को फोस्टेक प्रशिक्षण में दी खाद्य उपयोग, रख-रखाव एवं साफ-सफाई की जानकारी

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** जिले में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को अग्रवाल धर्मशाला में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स का फोस्टेक (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 1266 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में जिले के मिठाई के विक्रेता दुकानदार, अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड डे मील के कुक, विभिन्न आवासीय विद्यालयों के भोजन बनाने वाले कर्मचारी, राजीविका समूह के सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं उसके सदस्य सहित सभी प्रकार के खाद्य व्यापारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्रतिभागियों को एफएसएसए 2006 के नियमों, खाद्य उपयोग, रख-रखाव एवं साफ-सफाई आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथोरिटी/ एफएसएसएआई नई दिल्ली की ओर से प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे।
जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों को रीयूज्ड बुकिंग ऑयल के उपयोग और उससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी।

## घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने पर 10 गैस सिलेंडर जप्त

### घरेलू उपभोक्ता अनावश्यक बुकिंग नहीं करावे, सिलेंडर प्राप्ति के उपरान्त शहरी क्षेत्र में 25 दिन व ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन बाद ही दोबारा बुकिंग करावे

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने पर रसद विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 10 गैस सिलेंडर जप्त किए गए। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि प्रवर्तन जांच दल द्वारा मन्नाका रोड खुदनपुरी में भगवान सिंह द्वारा एक प्लॉट पर अवैध रूप से घरेलू गैस का व्यापारिक उपयोग करने पर 2 घरेलू गैस सिलेंडर, 3 रेग्यूलेटर एवं 1 मोटर जब्त किए गए, जिनको मैसर्स सुमन गैस एजेन्सी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार मालाखेडा क्षेत्र में बरखेडा में अवैध रिफलिंग सेन्टर पर 5 घरेलू सिलेंडर तथा 1 मोटर, मालाखेडा बाईपास में मुस्कान मिष्ठान भण्डार से घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने पर 3 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर्स की आपूर्ति गैस कंपनियों द्वारा निरन्तर प्राप्त हो रही है। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। प्रवर्तन जांच दलों द्वारा नियमित रूप से गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया जा रहा है एवं एजेंसी पर उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर का वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विगत तीन-चार दिनों में उपभोक्ताओं द्वारा अत्यधिक बुकिंग कराने के कारण गैस आपूर्ति में एक से दो दिनों का विलम्ब हो सकता है, इसलिए आमजन से आग्रह है कि अफवाहों पर बिलकुल ध्यान नहीं देवे एवं अनावश्यक बुकिंग नहीं कराएं। उन्होंने बताया कि किसी उपभोक्ता को गैस प्राप्ति में किसी भी प्रकार की असुविधा हो तो जिला हेल्प लाइन नंबर 0144-2338000 तथा मुख्यमंत्री संपर्क हेल्पलाइन नंबर 181 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी के नियमानुसार शहरी क्षेत्र में सिलेंडर की प्राप्ति के पश्चात 25 दिवस बाद ही बुकिंग हो सकती है। इसलिए 25 दिवस से पूर्व गैस बुक कराने का प्रयास न करें तथा ग्रामीण क्षेत्र में सिलेंडर की प्राप्ति के पश्चात 45 दिवस बाद ही दुबारा बुकिंग हो सकती है इसलिए 45 दिवस से पूर्व गैस बुक करने का प्रयास न करें।

## झुंझुनू में जिला उद्योग और वाणिज्य केंद्र के असिस्टेंट को एसीबी ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में झुंझुनू में जिला उद्योग और वाणिज्य केंद्र के असिस्टेंट नीरज कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने ढाई हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने नीरज कुमार के दफ्तर से सभी तरह के दस्तावेज आवेदन पत्र पत्रावलियां कंप्यूटर हार्ड डिक्स डिजिटल डाटा इत्यादि सभी बरामद कर लिए हैं और इन सब की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद जिला उद्योग और वाणिज्य केंद्र में पोस्टेड अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में भी खलबली मच गई, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त नीरज कुमार है जो झुंझुनू में जिला उद्योग और वाणिज्य केंद्र में सहायक पद पर पोस्टेड है जिसने परिवादी से प्रधानमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना के आवेदन को मंजूरी प्रदान करने की योजनाएं रिश्वत की डिमांड की थी जिसके शिकायत परिवादी ने ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई। ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने आरोपी नीरज कुमार को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत मंगलवार को जैसे ही परिवार देने आरोपी नीरज कुमार को रिश्वत के 2500 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ नीरज कुमार को मौके पर ही पकड़ लिया। इस मामले की जांच कर रहे भ्रष्टाचार निरोध ब्यूरो के अधिकारियों को संदेह है कि गिरफ्तार अभियुक्त नीरज कुमार बिना पैसा लिए दिए आवेदन पत्र मंजूर शायद नहीं करता था इसलिए इस योजना के तहत नीरज कुमार की ओर से मंजूर किए गए सभी आवेदन पत्रों की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है ।

## वोल्वो बस और ट्रक में भिड़ंत : पांच लोगों की मौत और आठ जने घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के हनुमानगढ़ जिले में सरदारशहर रोड पर बरमसर के पास श्रीगंगानगर से जयपुर की तरफ आ रही वोल्वो बस और ट्रक के बीच आपस में भीषण भिड़ंत हो गई जिसकी वजह से इस भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 8 जने घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची घटनास्थल का दौरा किया। घटनास्थल से पुलिस ने आवश्यक तथ्य और सबूत भी जुटाए हैं तथा दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में करके मामले की जांच शुरू कर दी है । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रीगंगानगर से जयपुर की ओर आ रही वोल्वो बस सरदारशहर रोड पर बरमसर के पास ट्रक से भिड़ गई जिसकी वजह से इस हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और हादसे में धान मंडी हनुमानगढ़ टाउन निवासी अजय पाल, श्यामलाल और हरिराम की घटना स्थल पर ही मौत होने की जानकारी मिली है इसके अलावा एक पुरुष और एक महिला की खबर लेकर जाने तक पहचान नहीं हो पाई थी इस हादसे में महेंद्र, आदित्य, अरविंद, सुमन सहित आठ लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है सभी घायलों की हालत हालांकि खतरे से बाहर बताई गई है इस हादसे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने गहरी चिंता जताई है और हादसे में मौत का शिकार हुए लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करके गहरा शोक जाते हैं गहलोत और पायलट ने इस हादसे में घायल हुए सभी लोगों के जल्दी से जल्दी स्वस्थ होने की भगवान से प्रार्थना भी की है ।

## सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट बिठाकर नौकरी पाने वाले दो लोगों को पुलिस ने किया अरेस्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा में अपनी जगह डमी कैंडिडेट बिठाकर नौकरी हासिल करने वाले दो आरोपी लोगों को एटीएस एस ओ जी ने अरेस्ट कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त अशोक कुमार और विजयपाल सिंह है जिन्होंने सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा में अपनी जगह डमी कैंडिडेट को परीक्षा केंद्र में बिठा दिया और फिर इन दोनों का टीचर भर्ती में सिलेक्शन भी हो गया बाद में पुलिस की जांच पड़ताल में अशोक कुमार और विजयपाल सिंह की ओर से किए गए फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ इसके बाद पिछले 2 साल से अशोक कुमार और विजयपाल सिंह पुलिस के लिए वांटेड बने हुए थे पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार करने के लिए कई बार प्रयास किया लेकिन यह दोनों ही अभियुक्त पुलिस की कार्रवाई से बचते रहे इस दौरान पुलिस ने इन दोनों अभियुक्तों के परिजनों रिश्तेदारों दोस्तों और जानकार लोगों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी और अशोक कुमार और विजयपाल की लोकेशन को ट्रेस करने की पुलिस लगातार कोशिश करती रही जिसमें पुलिस को अब सफलता भी मिली है और इन दोनों को अरेस्ट कर लिया है उल्लेखनीय है कि पुलिस ने इस भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट को गिरफ्तार किया है डमी कैंडिडेट से हुई पूछताछ के बाद पुलिस ने फर्जी तरह से नौकरी हासिल करने वाले लोगों को चिन्हित किया और उन्हें अरेस्ट करने की योजना तैयार की जिसमें पहले भी कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है अब अशोक कुमार और विजयपाल की गिरफ्तारी की गई है ।

## चर्चित गणपत सिंह हत्याकांड में पुलिस ने एक महिला और दो अन्य अभियुक्त को किया अरेस्ट, अवैध संबंध और ब्लैकमेलिंग का था मामला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में जालौर के बहुचर्चित गणपत सिंह हत्याकांड के मामले में पुलिस ने एक महिला और दो अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त लच्छूदेवी देवी गजेंद्र सिंह और भगाराम है मृतक के भाई ने इस मामले में आरोपी लोगों की गिरफ्तारी पर खुशी जताई है और पुलिस प्रशासन का आभार भी प्रकट किया है । उल्लेखनीय है कि पिछले साल 28 अगस्त को गणपत सिंह की हत्या की हुई लाश कीचड़ में पड़ी हुई मिली थी गणपत सिंह के सिर पर गहरी चोट के निशान थे इसके बाद गणपत सिंह के परिजनों ने इस मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिलाधीश कार्यालय के बाहर कई दिनों तक धरना भी दिया था तथा गणपत सिंह की बुजुर्ग में भूख हड़ताल पर भी बैठी थी पुलिस ने मामले की जांच को तेजी से आगे बढ़ाया पुलिस की जांच पड़ताल में कड़ी से कड़ी जुड़ति रही और पुलिस की जांच को सही दिशा मिलती रही यह मामला अवैध संबंध और ब्लैकमेलिंग से जुड़ा हुआ है और पुलिस ने अब इस पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया है उल्लेखनीय है कि जालौर का यह गणपत सिंह हत्याकांड जालौर तक ही चर्चा में नहीं रहा बल्कि पूरे प्रदेश में यह कई दिनों तक चर्चा का विषय बना रहा जिस हालत में गणपत सिंह की बॉडी कीचड़ में पड़ी हुई मिली उसके बाद समाज के लोगों में भी इस हत्याकांड को लेकर गहरा आक्रोश छा गया था। निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने भी इस मामले में मृतक के परिजनों से मुलाकात करके अभियुक्तों के जल्दी से जल्दी गिरफ्तार किए जाने का भरोसा दिलाया था।

## राज्यसभा में मदन राठौड़ के प्रभावी सवालों के केंद्रीय मंत्री दे रहे हैं प्रभावी जवाब

### राजस्थान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में 8 लाख 23 हजार से अधिक लाभार्थियों को मिल रही है सामाजिक सहायता

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ कहा कि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के तहत देश के गरीब एवं कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है, और राजस्थान इसमें प्रभावी रूप से भागीदारी निभा रहा है। जनवरी 2026 तक एनएसएपी के अंतर्गत देशभर में लगभग 3.09 करोड़ बीपीएल लाभार्थियों को सहायता प्रदान की जा रही है। राजस्थान में भी विभिन्न योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में लाभार्थियों को लाभ मिल रहा है। राज्य में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 8,23,972, विधवा पेंशन योजना के अंतर्गत 3,15,048, विकलांगता पेंशन योजना के अंतर्गत 30,513, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के अंतर्गत 12,347 तथा अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत 47,500 लाभार्थी शामिल हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में यह जानकारी सदन को दी। राठौड़ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्थान को इस कार्यक्रम के तहत 608.67 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31 जनवरी 2026 तक 148.93 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों की पहचान ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाती है, जिससे पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके। स्थानीय निकाय इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि वर्तमान में पेंशन राशि में वृद्धि या कवरेज विस्तार पर समय-समय पर कार्यक्रम के प्रभावी मूल्यांकन किया जाता है। आकंलनों से यह सामने आया है कि लाभार्थी पेंशन का उपयोग मुख्यतः भोजन और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि एनएसएपी न केवल सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि सतत विकास लक्ष्यों–गरीबी उन्मूलन, असमानता में कमी और खाद्य सुरक्षा–की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि भविष्य में इस योजना को और सशक्त बनाने के लिए सहायता राशि में वृद्धि, समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा निगरानी प्रणाली को और मजबूत किया जाए।

## एक ही स्कूल की दो बसों के बीच भीषण भिड़ंत : 30 छात्र घायल, दोनों चालकों में आगे निकलने की थी होड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सीकर जिले में पिपराली में नाडी का जोड़ा के पास एक ही स्कूल की दो बसों के बीच आपस में हुई भिड़ंत के बाद दोनों बस पलट गई जिसकी वजह से 30 छात्र घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सीकर के जिला अस्पताल में एडमिट करवाया गया है जिसमें प्राथमिक उपचार के बाद कुछ छात्रों को छुट्टी दे दी गई तो कुछ का इलाज वहां पर जारी है। इस हादसे के बाद अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में छात्रों के परिजन एकत्रित हो गए और स्कूल प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करने लगे छात्रों ने बताया कि दोनों बस के चालक आगे निकलने की होड़ में बसों को तेज गति से चला रहे थे और एक दूसरे को ओवरटेक करते हुए जा रहे थे इसलिए यह हादसा हुआ सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल का दौरा किया है। स्कूल प्रशासन से जुड़े लोगों से भी बातचीत की जा रही है जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह एक ही निजी स्कूलों की दो बस अलग-अलग जगह से छात्रों को घर से स्कूल लेकर आ रही थी तभी दोनों बसों कि चालक के बीच आपस में आगे निकलने की होड़ लग गई काफी दूर तक दोनों बसों के बीच रफ्तार में प्रतिस्पर्धा होती रही दोनों बसों के चालक एक दूसरे को ओवरटेक भी करते रहे इस दौरान पिपराली इलाके में दोनों बसों के बीच आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसकी वजह से दोनों बस पलट गई इस हादसे के बाद बस में सवार छात्रों में चीख पुकार मच गई आसपास के लोगों ने बस में फंसे हुए छात्रों को बाहर निकाला और उन्हें तुरंत सी करके जिला निकाला और उन्हें तुरंत सी करके जिला अस्पताल निकाला और पुलिस को भी सूचित किया लोगों ने स्कूल प्रशासन से जुड़े लोगों को भी इस दुर्घटना के बारे में बताया इसके बाद स्कूल प्रशासन से जुड़े लोग भी घटना स्थल पर पहुंचे देखते ही देखते यह खबर इलाके में आग की तरह फैल गई छात्रों के परिजनों को जैसे ही इस दुर्घटना का पता चला उनके चेहरों पर घबराहट छा गई और परिजन बड़ी संख्या में अपने छात्रों का हाल-चाल जानने के लिए अस्पताल में पहुंचे जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई लोगों की भीड़ को देखते हुए मौके पर अस्पताल प्रशासन की ओर से अतिरिक्त पुलिस बल बुलवाया गया ।

## गाय की गर्दन के लटक गया लेपर्ड, घायल गाय को जंगल में घसीट कर लेकर जाने का किया प्रयास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में लेपर्ड पैंथर के हमले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं प्रदेश में रोजाना कई जगहों पर लेपर्ड पैंथर के हमले से जानवरों के अलावा इंसान भी घायल हो रहे हैं। कई जगह पर तो पैंथर के हमले से लोगों की मौत भी हो चुकी है सोमवार की रात बयाना करौली बॉर्डर पर चितलपुर ताल के पास रोड पर शिकार करने की नीयत से एक लेपर्ड ने गाय के गले को अपने जबड़े में लपेट लिया और गाय का शिकार करने की भरसक कोशिश करने लगा। इस दौरान कुछ लोग बयाना से अपने गांव गाड़ी में सवार होकर आ रहे थे तभी उन्होंने रोड पर लेपर्ड को गाय के गले से लटकता हुआ देखकर उन्होंने अपनी गाड़ी की हेडलाइट को जोर से जलाया और गाड़ी में सवार लोगों ने जोर-जोर से आवाज भी लगाई लेकिन लेपर्ड ने गाय को नहीं छोड़ा और गाय को जगह-जगह से उसने अपने मुंह से जवाब डाला जिससे गाय घायल हो गई बाद में लेपर्ड वहीं पर गाय के पास बैठ गया। उसने गाय को घसीट कर जंगल में भी लेकर जाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाया बाद में गाड़ी में सवाल लोगों ने



हिम्मत करके लेपर्ड को वहां से भगा दिया इसके बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर वन विभाग और पुलिस को भी लेपर्ड के बारे में जानकारी दी जिसके बाद जिला प्रशासन और वन विभाग ने इलाके के लोगों को सावधानी से रहने को कहा है वन विभाग लेपर्ड को पकड़ने की भी योजना तैयार कर रहा है लेकिन लेपर्ड की लोकेशन का पता नहीं चल पाने की वजह से वन विभाग अपने रेस्क्यू अभियान को संपादित नहीं कर पा रहा वन विभाग ने इलाके में अपनी निगरानी तेज करती है और इलाके के सभी गांव वालों को दिन और रात में पूरी तरह से सावधानी बरतने को कहा है।

## 1900 करोड़ फंड पर संकटः पंचायत चुनाव से डरकर ग्रामीण विकास रोक रही है भाजपा - टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि भाजपा को न संविधान की परवाह है, न न्यायालय के निर्देशों का सम्मान और न ही ग्रामीण विकास की कोई चिंता है। उन्होंने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 15 अप्रैल तक पंचायत चुनाव कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, लेकिन समय सीमा लगातार नज़दीक आती जा रही है और अब एक महीने से भी कम समय शेष रह गया है। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से पंचायत चुनाव को लेकर किसी प्रकार की ठोस या सक्रिय तैयारी दिखाई नहीं दे रही है। जूली ने चेतावनी दी कि इस लापरवाही का सीधा असर प्रदेश के ग्रामीण विकास पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव समय पर नहीं होने की स्थिति में केंद्र के वित्त आयोग से मिलने वाले लगभग 1900 करोड़ रुपये के फंड के अटकने का खतरा पैदा हो गया है। यदि यह फंड रुकता है तो स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, मनरेगा सहित कई महत्वपूर्ण ग्रामीण विकास योजनाएं प्रभावित होंगी, जिसका खामियाजा प्रदेश की आम जनता को भुगतना पड़ेगा। यह प्रदेश की पहले से ही डावांडोल हो रही वित्तीय स्थिति के लिए कोढ़ में खाज जैसी स्थिति होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री से सवाल किया कि क्या भाजपा सरकार चुनाव से डरकर ग्रामीण विकास को दांव पर लगा रही है? यदि केंद्र से मिलने वाला यह फंड नहीं आता है, तो राज्य सरकार इसकी भरपाई कैसे करेगी? पहले से ही कर्ज के बोझ तले दबे प्रदेश को क्या और अधिक कर्ज में झोंकने की तैयारी की जा रही है? जूली ने कहा कि यह अत्यंत विडंबनापूर्ण स्थिति है कि जिस राजस्थान की धरती से पंचायती राज व्यवस्था की शुरुआत हुई थी, आज उसी राज्य में इस लोकतांत्रिक संस्थान का गला घोंटने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि 2 अक्टूबर 1959 को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नागौर, राजस्थान से पंचायती राज की स्थापना की थी उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि वह तुरंत पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को गति दे, न्यायालय के निर्देशों का सम्मान करे और ग्रामीण विकास से जुड़े फंड एवं योजनाओं को प्रभावित होने से बचाए।

## सड़क पर दौड़ रही कार में अचानक भीषण आग लगी, चार लोगों ने कार से कूद कर बचाई अपनी जान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के राजसमंद में चारभुजा नाथ मंदिर से दर्शन कार से लौट रहे कर श्रद्धालुओं के चेहरों पर उस समय घबराहट छा गई जब कार में अचानक आज आग की लपटे उठती हुई देखी गई कार के चालक ने तुरंत ही कर को सड़क के किनारे एक तरफ खड़ा किया और कार में सवार सभी चारों लोग कार से कूद गए बाद में आसपास के लोगों ने भी अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास किया सूचना मिलने के बाद पुलिस और दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और आग को बुझाया गया लेकिनतब तक कार बुरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्तहो गई द्य कार के अगले हिस्से में आग लगी थी बताया जा रहा है कि वायरिंग में कहीं ना कहीं शॉर्ट सर्किट होने की वजह से यह आग लगी जानकार लोगों का कहना है कि आजकल सड़क पर चलती हुई गाड़ियों खास तौर से कार में अचानक वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आगजनी की घटनाएं आए दिन देखने को मिल रही है जानकार लोगों का कहना है कि गर्मी के दिनों में इस तरह की घटनाएं ज्यादा होती है इसलिए वाहन चालकों को बहुत ही सावधानी पूर्वक गाड़ी को चलना चाहिए और समय-समय पर गाड़ी के इंजन और अन्य उपकरण यंत्र इत्यादि को चेक करते रहना चाहिए क्योंकि गर्मी के दिनों में इंजन भी काफी गर्म हो जाता है और वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने की आशंका भी ज्यादा रहती है इसलिए गर्मी के दिनों में चाहे दोपहिया वाहन हो या तिपहिया या चौपाइयां सभी वाहनों में शॉर्ट सर्किट से आज जाने की घटना होने के ज्यादा चांस रहते हैं

## इजरायल ईरान युद्ध में मारे गए विक्रम का शव खंडेला पहुंचाः तीन बहनों में इकलौता भाई था, गांव में शोक की लहर छाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** इजरायल ईरान अमेरिका युद्ध में राजस्थान के दो युवा अब तक मौत का शिकार हो चुके हैं एक युवा दिलीप नागौर का रहने वाला था और 14 मार्च को ओमान की कंस्ट्रक्शन कंपनी नौकरी करने वाले सीकर के खंडेला के आगलोई गांव के रहने वाले विक्रम कि ड्रोन हमले में मौत हो गई थी हालांकि खाड़ी युद्ध के दौरान ही विक्रम रोजाना सीकर में अपने परिजनों से वीडियो कॉल से बात करता था और कहता था अच्छी नौकरी है समय पर खाना खाता हूं हालांकि उसने युद्ध के हालात पर चिंता जरूर बताई थी लेकिन खुद को पूरी तरह से सुरक्षित बताया था लेकिन ईरान के ड्रोन हमले में 14 मार्च को विक्रम हमेशा हमेशा के लिए मौत की नींद सो गया विक्रम 23 फरवरी को ही ओमान काम के लिए गया था जहां उसके कई अन्य परिचित और रिश्तेदार भी नौकरी करते हैं विक्रम की बॉडी को ओमान से सीकर पहुंचने की पूरी व्यवस्था विक्रम की कंपनी की ओर से ही की गई है विक्रम तीन महीना में इकलौता भाई है विक्रम की बड़ी बहन की शादी हो चुकी है और दो महीने विक्रम से छोटी हैं जिनकी अभी शादी होना बाकी है विक्रम घर में अकेला कमाने वाला था और उसकी कमाई से ही घर का खर्च चलता था अब विक्रम की मौत के बाद घर पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है, विक्रम की बॉडी जैसे ही गांव पहुंची बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और गांव में एक तरह से शोक की लहर छा गई तथा विक्रम के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया ।

## चांदी रुपए 4000 रुपए सस्ता हुई, सोने के भाव स्थिर रहे तथा चांदी 263000 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर सराफा बाजार में मंगलवार को चौथे दिन चांदी की कीमत में लगातार गिरावट देखने को मिली है हालांकि पिछले तीन दिन से सोने की कीमत में भी लगातार गिरावट देखी जा रही थी लेकिन मंगलवार को जयपुर सराफा बाजार में सोने के भाव स्थिर रहे सोने की कीमत में ना तो बढ़ोतरी हुई और ना ही गिरावट मंगलवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी 263000 रुपए प्रति किलो में बेची गई तथा जेवराती सोना 150000 रुपए प्रति 10 ग्राम और शुद्ध सोना 160400 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित था द्य पिछले चार दिनों से जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में लगातार गिरावट देखी गई इससे पहले सोने और चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी और फिर अब पिछले 4 दिनों से कीमत में गिरावट हो रही है सोने और चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव का यह दौर इसी तरह से पिछले कई महीनो से जयपुर सराफा बाजार में बना हुआ है कभी लगातार रोजाना सोने और चांदी की कीमत में बढ़ोतरी होती रहती है तो फिर अचानक ही सोने और चांदी की कीमतों में रोजाना गिरावट भी होती रहती है इस तरह से सोने और चांदी की कीमत में लगातार हो रहे उतार चढ़ाव की वजह से सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने में भी लोग कम रुचि लेने लगे हैं क्योंकि सोने और चांदी में लगातार कीमत में हो रहे उतार-चढ़ाव की वजह से लोग यह सोचते हैं कि सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से उनकी रकम डूब सकती है इसलिए जो लोग पहले सोने और चांदी में ज्यादा इन्वेस्ट किया करते थे अब वे लोग रियल स्टेट और जमीन जायदाद में अपने पैसे का इन्वेस्ट करने लगे हैं इसीलिए जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों के चेहरों पर उदासी छाई रहती है क्योंकि सोने और चांदी की कीमत में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव की वजह से उनके कारोबार को गति नहीं मिल पा रही है

## एसीबी ने गोविंदगढ़ तहसीलदार को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते दबोचा, तहसील परिसर में ही हुई ट्रैप की कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को प्रदेश के अलवर जिले में गोविंदगढ़ तहसीलदार बसंत परसोया को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों तहसील परिसर में ही गिरफ्तार किया है । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद तहसील में नियुक्त अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई है गिरफ्तार अभियुक्त बसंत के विभिन्न ठिकानों पर भी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम जांच पड़ताल कर रही है इस मामले की जांच कर रहे अधिकारी इस बात की भी पड़ताल कर रहे हैं कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी और कर्मचारियों का हिस्सा तो तय नहीं है फिलहाल तहसील के दफ्तर में मौजूद तहसीलदार के अधीन पत्रावलियां दस्तावेज कंप्यूटर हार्ड डिस्क डिजिटल डाटा इत्यादि सभी जांच पड़ताल के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अपने अंदर में ले लिया है । इन सब की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त बसंत पर सोया गोविंदगढ़ तहसील में तहसीलदार पद पर नियुक्त है जिसने परिवादी से जमीन से जुड़े मामले में रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने आरोपी तहसीलदार बसंत को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत मंगलवार को जैसे ही परिवादी ने आरोपी वसंत को रिश्वत के डेढ़ लाख रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ बसंत को मौके पर ही अरेस्ट कर लिया।

## यूजीसी के विरोध में रामनिवास गार्डन में सर्व समाज की महापंचायत आज, आगे की रणनीति पर होगी चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** यूजीसी के नए कानून के विरोध में पिछले कई दिनों से देश भर में सर्व समाज की ओर से आंदोलन किया जा रहा है । खासतौर से स्वर्ण जाति के लोगों ने इस कानून को पूरी तरह से गलत बताया है इसीलिए प्रदेश में कई जगहों पर बड़े-बड़े आंदोलन देखने को मिले हैं अब आज राजधानी जयपुर के रामनिवास गार्डन में स्वर्ण समाज की ओर से एक बड़ी महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है इस महापंचायत में श्री राजपूत करणी सेना के संरक्षक महिपाल सिंह मकराना भी शामिल होंगे। इसके अलावा विभिन्न स्वर्ण जातियों के अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारी इस महापंचायत में शामिल हो रहे हैं इस महापंचायत में आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा पत्रकारों से बातचीत के दौरान महिपाल सिंह मकराना ने बताया कि यूजीसी कानून के विरोध में पूरे देश भर में विशाल प्रदर्शन किए जा रहे हैं दिल्ली में भी विशाल प्रदर्शन किया गया था जिसमें उन्होंने खुद गिरफ्तारी दी थी राजस्थान में भी अलग-अलग शहरों में व्यापक तौर पर हमारे प्रदर्शन आयोजित हुए हैं अब जयपुर में आगे की रणनीति तैयार करने के लिए आज सर्व समाज के प्रबुद्ध लोगों की बड़ी बैठक रामनिवास गार्डन में बुलाई गई है इस बैठक में यूजीसी कानून के विरोध में आगे किस तरह से आंदोलन को गति देनी है, धरने जुलूस रेलिया इत्यादि आयोजित करने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी उल्लेखनीय है कि यूजीसी कानून के विरोध में राजधानी जयपुर कोटा दोसा भरतपुर अलवर जोधपुर उदयपुर अजमेर सीकर झुंझुनू श्री गंगानगर हनुमानगढ़ इत्यादि कई जिलों में स्वर्ण समाज और सर्व समाज के लोगों की ओर से विशाल प्रदर्शन किए जा चुके हैं स्वर्ण समाज के लोगों का लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है स्वर्ण समाज के लोगों का कहना है कि इस तरह के कानून से समाज में भेदभाव और अंतर विरोध की स्थिति बनती है अशांति का माहौल पैदा होता है इसलिए इस तरह के कानून बनाने से पहले सरकारों को सावधानी पूर्वक विचार करना चाहिए इस कानून से स्वर्ण समाज के छात्र अब टेंशन में रहने लगे हैं ।

## सम्पादकीय

### सत्ताधारी दलों की रणनीति और मतदाता सूची की



निर्वाचन आयोग की ओर से चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीख तय किए जाने के साथ ही अब वहां नए जन प्रतिनिधियों को चुने जाने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इसके समांतर यह बहस का विषय है कि जिन जगहों पर अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के बाद अंतिम सूची तैयार होना बाकी है, वहां यह कैसे सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदान का अधिकार मिले। गौरतलब है कि रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी गई। पश्चिम बंगाल में दो चरण और बाकी जगहों पर एक चरण में चुनाव होंगे। इसी क्रम में अलग-अलग राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होंगे। मतदान की तारीखों की घोषणा के साथ ही अब इन जगहों पर चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। मगर कई बार राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की घोषणा पहले ही कर देते हैं। अब तक इस प्रवृत्ति पर कोई ठोस नियंत्रण नहीं हुआ है। ज्यादातर मौकों पर चुनाव के ठीक पहले विशेष घोषणाएं और मुफ्त की सौगात देने को लेकर राजनीतिक दलों के बीच होड़-सी लग जाती है। इसमें सत्ताधारी दल को ऐसी घोषणा करने और तुरंत अमल करने का बेहतर मौका मिलता है। असम में महिलाओं, विद्यार्थियों और चाय बागानों में काम करने वालों के लिए नकद भुगतान योजनाओं के जरिए भाजपा ने मतदाताओं के एक बड़े हिस्से का समर्थन हासिल करने के लिए मजबूत दांव खेला। हालांकि कई स्थानीय मुद्दों और विवादों पर उसे विपक्ष से चुनौती मिल सकती है। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव की घोषणा के ठीक पहले पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में पांच सौ रुपए की बढ़ोतरी के अलावा कुछ अन्य घोषणाएं कीं। ऐसे फैसलों को जनहित में बताया जाता है, लेकिन विचित्र यह है कि मतदाताओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की याद सत्ताधारी पार्टियों को चुनाव सिर पर आने के बाद ही आती है। इन चुनावों में सबसे अहम मुद्दा यह उभरा है कि कई जगहों पर मतदाता सूची का काम अभी अंतिम स्वरूप में नहीं पहुंचा है। क्या बहुत सारे लोग भी वोट देने से वंचित रह जाएंगे, जिन्हें वैध मतदाता माना जाएगा? पश्चिम बंगाल में इस बार मतदाता सूची में बदलाव पर खासा विवाद है। एसआइआर के बाद अंतिम सूची से लगभग छियासठ लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। वहीं करीब साठ लाख मतदाताओं के नाम अभी भी विचाराधीन सूची में हैं। मतदाता सूची से हटाए गए नाम, उन पर उठी आपत्तियां, सुधार के दावे आदि तमाम विवाद चुनाव की तारीख से पहले निपटा लिए जाएंगे या नहीं, यह सवाल बना हुआ है। अगर वैध मतदाता भी मतदान से वंचित रह गए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? समय पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है।



## कहानी

### अन्तर्मन से ईश्वर से जुडे रहने का आनंद

बालमित्रो, यह कथा संत कबीरदासजी की है । संत कबीरदासजी एक कवि भी थे । वह अंतर्मन से सदैव ईश्वर से जुडे रहते थे और आनंद में रहते थे । एक गांव में एक निर्धन व्यक्ति रहता था । वह अपनी निर्धनता से ग्रस्त होकर बहुत दुःखी रहता था । वह सदैव दुःख को दूर करने की चिंता में डूबा रहता था । उसने संत कबीरदासजी का बहुत नाम सुना था । संत कबीरदासजी एक महान संत थे तथा उन्होंने अपने मार्गदर्शन से अनेक व्यक्तियों के दुःखों को दूर किया था । उस व्यक्ति को लगा कि, संत कबीरजी के मार्गदर्शन से उसके भी दुःख दूर हो जाएंगे । वह अपना दुःख उन्हें बताने के लिए उनके पास गया । वहां जाकर उस व्यक्ति ने देखा कि, संत कबीरदासजी का घर तथा उनका रहन सहन अत्यंत साधारण था । यह देखकर वह व्यक्ति चकित रह गया । उसे लगा कि इतनी साधारण स्थिति में भी संत कबीरदासजी आनंद में कैसे रहते हैं । जब संत कबीरदासजी उसके सामने आए, तब कबीरदासजी को वंदन किया और नम्रता से उसने कहा कि, "महाराजजी मैं अपनी गरीबी और निर्धनता से बहुत दुःखी हूं, कृपया मेरे दुःखों को दूर करने के लिए आप मेरा मार्गदर्शन करें । संत कबीरदासजी ने उस व्यक्तिको अपने साथ आने के लिए कहा । उस व्यक्ति को यह समझ नहीं आ रहा था कि मैं तो यहां मार्गदर्शन लेने आया हूं । परंतु कबीरदासजी मुझे घुमाने क्यों लेकर जा रहे हैं । फिर भी वह उनसे कुछ नहीं बोला । वह चुपचाप कबीरदासजी के पीछे चलता रहा । घूमते-घूमते संत कबीरदासजी एक कुएं के निकट जाकर रुके । उस समय पानी के नल नहीं होते थे । लोगों को कुएं अथवा नदी से पानी भरना पडता था । सडकें भी ऊबड खाबड, गड्ढोंवाली अथवा पथरीली होती थीं । उस कुएंपर कुछ महिलाएं कपडे धो रही थीं, तो कुछ महिलाएं मिट्टी के छोटे-छोटे घडों को पानी से भर रही थीं । घडे पानी से भरने के बाद उनमें से कुछ महिलाओं ने अपने सिर पर एक के ऊपर एक पानी से भरे तीन घडे रखे तथा घर की ओर निकल पडीं । मार्ग में वे आपस में बातें भी कर रही थीं । कबीरजी ने उस व्यक्ति को यह दृश्य दिखाया और बोले, "सिर पर पानी से भरे तीन घडे होते हुए भी वे महिलायें कैसे बातें करती हुई जा रही हैं । उन्हें इस बात का भय नहीं है कि घडे नीचे गिरकर फूट जाएंगे । चलो, हम उनसे इसका कारण पूछते हैं ।" संत कबीरदासजी उन महिलाओं के पास पहुंचे और उन्होंने उनसे पूछा, "बहनो, तुम सिर पर घडे रखकर इस प्रकार हाथ छोडकर बातें करते हुए जा रही हो, तुम्हें सिर से घडे गिरकर फूट जाने का डर नहीं लगता क्या इसपर एक स्त्री ने हंसते हुए कहा, "घडा कैसे गिरेगा हम बातें तो कर रही हैं, परंतु हमारा संपूर्ण ध्यान तो उन घडों पर ही बना रहता है ।" यह कहकर सारी महिलाएं आगे चली गईं । यह सुनकर वह व्यक्ति समझ गया कि कबीरदासजी उससे क्या कहना चाहते हैं । बाह्यरूप से हम कुछ भी कर रहे हों, परंतु अंतर्मन से हमें ईश्वर से जुडे रहना चाहिए । जिस प्रकार वे महिलाएं बातें तो कर रही थीं; किंतु उनका पूरा ध्यान उनके सिर पर रखे घडों की ओर था । निरंतर ईश्वर का नाम लेने से हमारा प्रत्येक कृत्य ईश्वर की इच्छा के अनुसार हो रहा है, ऐसा विचार मन में रहना चाहिए ।

# संसदीय परंपराओं की अनदेखी

*उनके नेतृत्व में लोकसभा ने लगभग 97 प्रतिशत की कार्य उत्पादकता हासिल की, जो पिछले दो दशकों में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। वर्ष 2019 से अब तक आयोजित 21 सत्रों में से 10 सत्र ऐसे रहे, जिनमें सदन की उत्पादकता 100 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई। वर्ष 2025 के शीतकालीन सत्र में तो लोकसभा ने निर्धारित समय से भी अधिक काम करते हुए 103 प्रतिशत कार्य निष्पादित किया। लोकसभा अध्यक्ष का पद केवल सदन की कार्यवाही चलाने तक सीमित नहीं होता। भारतीय संविधान के अंतर्गत अध्यक्ष को सदन का संरक्षक या 'कस्टोडियन' माना गया है। इसका अर्थ है कि वह न केवल प्रक्रियाओं की निगरानी करते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को संतुलित और सार्थक बनाए रखने की जिम्मेदारी भी निभाते हैं। ओम बिरला ने सदन में समय के आवंटन को संख्या बल के आधार पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी के आधार पर सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। 17वीं लोकसभा में सत्ता पक्ष के भारी बहुमत के बावजूद विपक्ष और गैर-राजग दलों को कुल चर्चा समय का लगभग 61.05 प्रतिशत अर्थात 807 घंटे प्रदान किए गए। लोकसभा में उनके विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि स्पीकर का पद दलगत राजनीति से ऊपर होता है और संविधान ने उसे मध्यस्थता की भूमिका दी है।*



भारतीय लोकतंत्र की असल शक्ति एवं खूबसूरती चुनावों के अतिरिक्त उन संस्थाओं की गरिमा और कार्यसंस्कृति में निहित है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था को जीवंत बनाए रखती हैं। संसद इसी व्यवस्था का केंद्र है, और संसद के भीतर लोकसभा अध्यक्ष का पद उन कुछ संवैधानिक संस्थानों में से एक है जिनसे निष्पक्षता, संतुलन और गरिमा की सर्वोच्च अपेक्षा की जाती है। ऐसे समय में जब दुनिया के अनेक हिस्सों में संसदीय संस्थाएं राजनीतिक टकराव और अव्यवस्था के दबाव में कमजोर होती दिखाई दे रही हैं, भारत में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला का कार्यकाल संसदीय दक्षता और संवैधानिक मर्यादा का उदाहरण है।


उनके नेतृत्व में लोकसभा ने लगभग 97 प्रतिशत की कार्य उत्पादकता हासिल की, जो पिछले दो दशकों में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। वर्ष 2019 से अब तक आयोजित 21 सत्रों में से 10 सत्र ऐसे रहे, जिनमें सदन की उत्पादकता 100 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई। वर्ष 2025 के शीतकालीन सत्र में तो लोकसभा ने निर्धारित समय से भी अधिक काम करते हुए 103 प्रतिशत कार्य निष्पादित किया। लोकसभा अध्यक्ष का पद केवल सदन की कार्यवाही चलाने तक सीमित नहीं होता। भारतीय संविधान के अंतर्गत अध्यक्ष को सदन का संरक्षक या 'कस्टोडियन' माना गया है। इसका अर्थ है कि वह न केवल प्रक्रियाओं की निगरानी करते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को संतुलित और सार्थक बनाए रखने की जिम्मेदारी भी निभाते हैं। ओम बिरला ने सदन में समय के आवंटन को संख्या बल के आधार पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी के आधार पर सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। 17वीं लोकसभा में सत्ता पक्ष के भारी बहुमत के बावजूद विपक्ष और गैर-राजग दलों को कुल चर्चा समय का लगभग 61.05 प्रतिशत अर्थात 807 घंटे प्रदान किए गए। लोकसभा में उनके विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि स्पीकर का पद दलगत राजनीति से ऊपर होता है और संविधान ने उसे मध्यस्थता की भूमिका दी है। ऐसे पद पर बैठे व्यक्ति के प्रति अविश्वास का सवाल उठाना लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुकूल नहीं माना जा सकता। ओम बिरला ने संसदीय प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाने के लिए 'फर्स्ट टाइमर्स फर्स्ट' की नीति अपनाई है, जिसके अंतर्गत नव निर्वाचित और अपेक्षाकृत कम चर्चित सांसदों को अपनी बात रखने के लिए प्राथमिकता दी जाती है। इससे सदन की लोकतांत्रिक प्रकृति और अधिक व्यापक हुई है। ओम बिरला के कार्यकाल का एक महत्वपूर्ण पहलू संसदीय प्रणाली के संस्थागत सुदृढ़ीकरण से जुड़ा है। नव निर्वाचित सांसदों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित करना इसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से नए सांसदों को संसदीय प्रक्रिया, नियमों और संसदीय परंपराओं से परिचित कराया जाता है। लोकसभा के संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान 'प्राइड' के माध्यम से विभिन्न विधानसभाओं तथा संसद के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, समिति प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पीठासीन अधिकारियों की एक समिति का गठन भी किया गया है, जिसका उद्देश्य संसद तथा राज्य विधानसभाओं की समिति व्यवस्था की समीक्षा करना है। ओम बिरला के नेतृत्व में लोकसभा को 'पेपरलेस' बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। डिजिटल संसद प्लेटफार्म की स्थापना, सांसदों के लिए डिजिटल अटेंडेंस प्रणाली और आनलाइन आनबोर्डिंग जैसी व्यवस्थाएं इसी परिवर्तन का हिस्सा हैं। इसी क्रम में 'नेशनल ई-विधान' कार्यक्रम को भी व्यापक स्तर पर लागू किया गया है। संसदीय कार्यवाही में एआइ के उपयोग से संसद की 18,000 से अधिक घंटों की ऐतिहासिक कार्यवाही का डिजिटलीकरण किया गया है, जो संसदीय विरासत के संरक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। संसदीय कार्यों के लिए 'संसद भाषिणी' जैसे स्वदेशी एआइ टूल का उपयोग कर संसदीय दस्तावेजों को विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, उर्दू और संस्कृत जैसी भाषाओं को भी इसमें शामिल किया गया है। एक व्यापक डिजिटल पार्लियामेंट लाइब्रेरी की स्थापना भी की गई है। यह सांसदों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों के लिए संसदीय दस्तावेजों तक पहुंच को आसान बनाती है। विधेयकों पर ब्रीफिंग सत्रों के माध्यम से सांसदों को विधेयकों की पृष्ठभूमि और प्रविधानों को विस्तार से समझने का अवसर मिला है, जिससे सदन में होने वाली बहसें अधिक सार्थक और तथ्यपरक बन सकी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला की भूमिका सक्रिय रही है। भारत में आयोजित पी-20 सम्मेलन में जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों ने भाग लिया।

# विदेश से निवेश लाने में सक्रिय प्रदेश

*ऐसी कई कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में अपनी गतिविधियों को विस्तार देने में रुचि दिखाई है। इस क्रम में विशेष रूप से क्युबोटा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रानिक्स इंडस्ट्री और नागाजी एंड कंपनीज प्रदेश के औद्योगिक विकास और तकनीकी हस्तांतरण के लिए आगे आई हैं। राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक क्लस्टर्स, लाजिस्टिक्स पार्क, डाटा सेंटर और विनिर्माण इकाइयां भी आकार लेती दिखेंगी। औद्योगिक परियोजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्तर भी गति और तेज होगी। चूंकि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए उस दिशा में भी पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। इस सिलसिले में सिंगापुर के सहयोग से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निकट एक अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करने की योजना पर बात आगे बढ़ी है। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एक*

राज्यों में आर्थिक विकास को लेकर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक शुभ संकेत बनकर उभरी है। पहले यह होड़ मुख्य रूप से पश्चिमी एवं दक्षिणी राज्यों में ही दिखती थी, लेकिन एक समय बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश भी अब इस मुकाबले में मजबूती से उभरा है। बीते दिनों विश्व आर्थिक मंच के दावोस सम्मेलन में निवेशकों के समक्ष कई राज्यों के प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंचे। इनमें एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश का भी था।

इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना कर रहे थे। दावोस में उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस राज्य को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना था। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता यही रेखांकित करती है कि देश के सबसे बड़े प्रदेश में निवेश की बयार को तेज करने के लिए कोई कोर-कसर शेष नहीं छोड़ी जा रही है।



इस संदर्भ में बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर और जापान यात्रा उल्लेखनीय रही और अब उसके कुछ अनुकूल परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इन दौरों से राज्य में निवेश अनुबंधों, औद्योगिक साझेदारियों और सांस्कृतिक संवर्धन की नई राहें खुल रही हैं। इस दौरान सिंगापुर और जापान की कंपनियों के साथ करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर बात आगे बढ़ी है। अगर अन्य विदेशी निवेश प्रस्तावों को जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये तक जाता है। इन प्रयासों से प्रदेश के एक ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की आर्थिकी बनने के लक्ष्य पूर्ति में मदद मिलेगी। वाहन, इलेक्ट्रानिक्स, लाजिस्टिक्स, हरित ऊर्जा, कृषि मशीनरी, फिनटेक और अत्याधुनिक विनिर्माण के क्षेत्र में जापानी कंपनियों की महारत किसी से छिपी नहीं है। ऐसी कई कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में अपनी गतिविधियों को विस्तार देने में रुचि दिखाई है। इस क्रम में विशेष रूप से क्युबोटा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रानिक्स इंडस्ट्री और नागाजी एंड कंपनीज प्रदेश के औद्योगिक विकास और तकनीकी हस्तांतरण के लिए आगे आई हैं। राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक क्लस्टर्स, लाजिस्टिक्स पार्क, डाटा सेंटर और विनिर्माण इकाइयां भी आकार लेती दिखेंगी। औद्योगिक परियोजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्तर भी गति और तेज होगी। चूंकि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए उस दिशा में भी पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। इस सिलसिले में सिंगापुर के सहयोग से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निकट एक अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करने की योजना पर बात आगे बढ़ी है। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एक लाजिस्टिक्स पार्क तैयार किया जाएगा। नोएडा के आसपास एक हाइपरस्केल डाटा सेंटर बनाने की भी तैयारी है। इन सभी परियोजनाओं से प्रदेश के बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार के साथ ही रोजगार सृजन का दायरा भी बढ़ेगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में एक डेडिकेटेड 'जापान सिटी' का प्रस्ताव भी राज्य में जापानी निवेश को एक छत्र प्रदान कर राज्य की प्रगति में अहम योगदान देगा। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को औद्योगिक स्वरूप देने के प्रयास भी रंग ला रहे हैं। राज्य सरकार की 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के माध्यम से प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे दुनिया उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरी से परिचित हो रही है। वैसे तो विदेश नीति मूल रूप से राष्ट्रीय महत्व का विषय होता है और केंद्र या संघ की सरकारें ही उसका संचालन सभालती हैं, लेकिन पैराडिप्लोमेसी यानी उपराष्ट्रीयता से ओतप्रोत कूटनीति के अंतर्गत प्रांतीय-प्रादेशिक सरकारें भी अपनी प्रगति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता दिखाती हैं।

# मुश्किल में पड़े ट्रंप

ईरान पर हमले के बाद बाधित समुद्री मार्ग होर्मुज को ऊर्जा आपूर्ति के लिए सुरक्षित बनाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने मित्र राष्ट्रों समेत अन्य देशों से वहां अपनी नौसेनाएं भेजने का जो आग्रह किया था, उस पर इन देशों की अनिच्छा भरी प्रतिक्रिया यही बताती है कि ट्रंप अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। जहां जापान और आस्ट्रेलिया ने होर्मुज जल मार्ग की सुरक्षा के लिए आगे आने में अनिच्छा प्रकट की, वहीं दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रस्ताव पर विचार करेगा। जर्मनी ने तो दो टूक कह दिया कि नाटो का इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं। ऐसी प्रतिक्रियाओं से ट्रंप को किस तरह झटका लगा है, इसका प्रमाण यह है कि अब वे नाटो



देशों को चेतावनी दे रहे हैं कि इस संगठन का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, लेकिन उन्हें यह याद होना चाहिए कि उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी देकर इस संगठन के देशों के भरोसे को ठेस ही पहुंचाई थी। यह पहली बार नहीं, जब ट्रंप किसी मामले में अलग-थलग पड़े हों या फिर उन्हें वांछित समर्थन न मिला हो। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जब गाजा के विकास के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को किनारे कर बोर्ड आफ पीस का गठन किया था और खुद उसके सर्वेसर्वा बन बैठे थे तो इस बोर्ड में भी नाटो देशों के साथ अन्य कई प्रमुख देश शामिल नहीं हुए थे। यह अब किसी से छिपा नहीं कि अमेरिका के मित्र देश भी ट्रंप के रवैये से आजिज आ चुके हैं और वे उनकी मनमानी के समक्ष झुकने के लिए तैयार नहीं। इसके लिए ट्रंप अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उन्होंने अपनी टैरिफ नीति से दुनिया को तंग ही किया है। सबसे अधिक तंग तो उन्होंने सहयोगी देशों को किया है। ट्रंप किस तरह मनमानी करते हैं, इसका उदाहरण अमेरिकी सेनाओं की ओर से वेनेजुएला पर हमला करना भी रहा। वेनेजुएला में अपनी कठपुतली सरकार बनाने के बाद उन्होंने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। लगता है वे यह भूल गए कि ईरान वेनेजुएला नहीं है। ट्रंप भले ही बार-बार दोहरा रहे हों कि ईरान ने हार मान ली है, लेकिन सच यह है कि वह इजरायल के साथ खाड़ी देशों में उसके ठिकानों को निशाना बनाने में लगा हुआ है। उसकी रणनीति युद्ध को लंबा खींचने के साथ होर्मुज जल मार्ग बाधित कर दुनिया में ऊर्जा संकट बढ़ाने की जान पड़ती है।

## राजस्थान दिवस सप्ताह में जागरूकता अभियान, कपड़े के थैले वितरित




जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक समारोह के अंतर्गत नगर पालिका प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र (आरआरआर केंद्र) पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए दैनिक जीवन में प्लास्टिक के स्थान पर वैकल्पिक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग न केवल पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, बल्कि जल स्रोतों, पशु-पक्षियों और मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। ऐसे में कपड़े के थैले एक बेहतर, सुरक्षित और टिकाऊ विकल्प के रूप में सामने आते हैं। नगर पालिका की ओर से आमजन को कपड़े के थैले निशुल्क वितरित किए गए, ताकि लोग आसानी से प्लास्टिक का उपयोग छोड़कर पर्यावरण हितैषी विकल्प अपना सकें। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए प्लास्टिक का उपयोग कम करने का संकल्प भी लिया। पालिका कर्मचारियों ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, जिससे शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर पालिका कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## बिना भूमि रूपांतरण कॉलोनी विकास का आरोप

### राज्य वृक्ष खेजड़ी की कटाई पर आक्रोश



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम फुलेरा में कृषि भूमि पर बिना विधिवत भूमि रूपांतरण कराए अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में स्थानीय निवासी मूलसिंह पुत्र अमरसिंह ने तहसीलदार फुलेरा को प्रार्थना पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार आराजी खसरा नंबर 111, 1159/107, 1167/108 एवं 1170/109 की भूमि कृषि श्रेणी में दर्ज है, जिसका अब तक किसी प्रकार का भूमि रूपांतरण नहीं कराया गया है। इसके बावजूद आरोप है कि उक्त भूमि पर अजय कुमार नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही है। मामले का सबसे गंभीर पहलू यह है कि कॉलोनी निर्माण के लिए राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी के पेड़ों की कटाई की जा रही है। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि राज्य सरकार की ओर से खेजड़ी संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं और सख्त नियम लागू किए जा रहे हैं, ऐसे में इस प्रकार की कटाई प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से सड़कें बनाई जा रही हैं, जिससे आसपास के खेतों तक पहुंचने के रास्ते बाधित हो रहे हैं। साथ ही बिना भूमि रूपांतरण के निर्माण होने से राज्य सरकार को राजस्व हानि की आशंका भी जताई गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध कॉलोनी निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवाया जाए तथा राज्य वृक्ष की कटाई के मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## चौमूं पुलिस ने नकबजनी की गतिविधियों का किया पर्दाफाश

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं पुलिस ने रामपुरा स्टैंड पर हुई नकबजनी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस मुख्यालय जयपुर वेस्ट में हो रही नकबजनी व चोरी की घटना। थानाधिकारी हरबेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस थाना चौमूं पर परिवादी सांवर मल जांगिड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरी दुकान ग्रैंड लक्ष्मी फर्निचर एंड आई लैक्ट्रीक्लसस्पमा स्टैण्ड के पास सर्विस रोड पर है। हम रात को दुकान बंद करके पास में ही घर पर चले गए थे। पीछे से रात को रॉक ने दुकान के पीछे से चादर उखाड कर चोरी कर ले गया। इस रिपोर्ट पर मुकदमा संख्या 147/2026 धारा 305 (ए) बी शिओन्स प्रवेश कर माल्जिमान की तलाश में है। सोसाइटी पुलिस टीम ने रेलवे के आस-पास के सामिल साजिआक और मुखबीर खस मामूर की टीम को गिरफ्तार कर लिया। खोजे माल मुल्जिमान और संदिग्धों की चेकिंग के दौरान बिल्डर से पुछताछ की गई तो प्रोडक्ट ने कहा कि इसे स्वीकार कर लिया गया है, जिसके लिए व्यवसाय से चोरी किया गया सामान बरामद किया गया है और असलहे से पूछताछ और शोध जारी है। गिरफ्तार सीताराम प्रजापत पुत्र पोखरमल प्रजापत, उम्र 29 वर्ष, निवासी-ग्राम सुवासडा पुलिस थाना नैनवा जिला बदरी का रहने वाला है। टीम में हरबेन्द्र सिंह पु.नि. कुत्ता, सांवरमल हद कानि., प्रहलाद सिंह हद कानि., अशोक कानि, गजानन्द कानि की विशेष भूमिका रही।

## भाजपा का आरोपः गैस को लेकर भ्रम फैलाकर राजनीति कर रही कांग्रेस

**धौलपुर(निस)।** गैस आपूर्ति को लेकर कांग्रेस की ओर से भ्रम और भय का माहौल बनाने के आरोप लगाते हुए भाजपा नेताओं ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण और राष्ट्रहित के विरुद्ध बताया है। भाजपा का कहना है कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है और सरकार की ओर से आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। भाजपा पदाधिकारियों ने बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वह देशहित में लिए गए बड़े निर्णयों का विरोध करती आई है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में राष्ट्रीय एकजुटता, सर्जिकल स्ट्राइक, जीएसटी, धारा 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण और सीएए जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी कांग्रेस ने विरोध की राजनीति की।
नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान में भी कांग्रेस गैस के मुद्दे को लेकर आमजन को गुमराह कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर गैस आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है।

पाली में 'जीरो टॉलरेंस' की हुंकार

# अपराधियों की उल्टी गिनती शुरू, माफिया राज खत्म करने उतरी पुलिस

### नई एसपी मोनिका सेन का सख्त ऐलानः रसूखदार हो या आम, कानून तोड़ने वालों को नहीं मिलेगी छूट; नशे और भू-माफिया पर निर्णायक प्रहार



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पाली(निस)।** पाली जिले में कानून व्यवस्था को नई धार देने के लिए पुलिस ने अब 'जीरो टॉलरेंस' नीति के साथ निर्णायक अभियान छेड़ दिया है। नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि अब जिले में अपराधियों, भू-माफियाओं और नशा तस्करों के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून से ऊपर कोई नहीं है, अपराध करने पर सीधी और सख्त कार्रवाई तय है। पदभार संभालते ही एसपी सेन ने जिले में 'ऑपरेशन क्लीन' का ब्लूप्रिंट तैयार कर दिया है। इस अभियान के तहत संगठित अपराध के पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करने की रणनीति पर काम शुरू हो चुका है। पुलिस की विशेष टीमें सक्रिय कर दी गई हैं,जो अपराधियों की कुंडली खंगाल रही हैं और उनके पुराने रिकॉर्ड के आधार पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रही हैं।

### संगठित अपराध पर सर्जिकल स्ट्राइकः

एसपी सेन ने कहा कि जिले में सक्रिय गैंग, अवैध कब्जे करने वाले भू-माफिया और नशे का कारोबार करने वाले गिरोह पुलिस के रडार पर हैं। इनके खिलाफ केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि ऐसी सख्ती होगी जो अपराध की जड़ों को हिला दे। बार-बार अपराध करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई के साथ संपत्ति जब्ती और अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण जैसे कदम भी उठाए जाएंगे

### भू-माफिया और बजरी खनन पर कड़ा शिकंजाः

पाली में बढ़ते अवैध कब्जों, जमीन घोटालों और बजरी खनन को लेकर भी पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। एसपी सेन ने कहा कि भू-माफियाओं की पहचान कर उनकी पूरी चेन तोड़ी जाएगी। प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध निर्माण और कब्जों को हटाने की कार्रवाई तेज की जाएगी, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### हाईवे पर चौकसी,संदिग्ध वाहनों की सघन जांचः

जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर भी पुलिस की सख्ती बढ़ेगी। बाहरी राज्यों से आने वाले संदिग्ध वाहनों की विशेष जांच की जाएगी। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों की पालना सुनिश्चित की जाएगी और अपराधियों की आवाजाही पर प्रभावी रोक लगाई जाएगी।

### थानों की जवाबदेही तय, लापरवाही पर कार्रवाई

एसपी सेन ने स्पष्ट किया कि अब थाना स्तर पर भी जवाबदेही तय होगी। यदि किसी थाना क्षेत्र में अपराध होने के बाद उचित कार्रवाई नहीं होती है, तो संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इससे पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों बढ़ेंगी।

### नशे के खिलाफ निर्णायक जंगः

जिले में फैल रहे नशे के जाल को तोड़ना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। एसपी ने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे, वहीं नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उनकी सप्लाई चेन को पूरी तरह ध्वस्त किया जाएगा।

### आमजन में भरोसा, अपराधियों में खौफः

पाली पुलिस का लक्ष्य केवल अपराध पर नियंत्रण करना ही नहीं, बल्कि आमजन में सुरक्षा का मजबूत भरोसा कायम करना भी है। इसके लिए पुलिस-जन संवाद को बढ़ावा दिया जाएगा और निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाएगा। पाली में अब अपराध करने वालों के लिए केवल दो ही रास्ते बचे हैं—या तो अपराध की दुनिया छोड़ दें या फिर कानून की कड़ी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। पुलिस का यह नया एक्शन प्लान जिले में कानून व्यवस्था की तस्वीर बदलने की दिशा में बड़ा कदम साबित होने जा रहा है।

## दिनदहाड़े ज्वैलरी बाजार में दुस्साहसी वारदात का खुलासा

### 24 किलो चांदी, सोना और नकदी से भरा बैग लूटने वाले दो शातिर गिरफ्तार, 5 दिन तक करते रहे रेकी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शिवगंज। शहर के होली चौक स्थित व्यस्ततम ज्वैलरी बाजार में दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज लूट की वारदात का पुलिस ने आखिरकार पर्दाफाश कर दिया। वृद्ध ज्वैलर्स व्यापारी को निशाना बनाकर अंजाम दी गई इस घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के खुलासे के बाद व्यापारियों व आमजन ने राहत की सांस ली है। जिला पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई।

### दुकान खोलते वक्त दिया वारदात को अंजामः

पुलिस के अनुसार 14 मार्च 2026 को छीपावास निवासी 80 वर्षीय हिम्मतमल रोजाना की तरह सुबह करीब 11 बजे अपनी दुकान खोलने पहुंचे थे। दुकान के बाहर उन्होंने सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग रखा ही था कि इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। एक युवक तेजी से उतरा और पलक झपकते ही बैग उठाकर अपने साथी के साथ फरार हो गया। बैग में करीब 24 किलो चांदी के आभूषण, 30 ग्राम सोने के गहने और 35-40 हजार रुपये नकद रखे हुए थे। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिससे पुलिस को जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिले। घटना के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए शहरभर में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। संदिग्धों की पहचान के लिए विशेष टीम गठित कर लगातार निगरानी और पूछताछ की गई। इसी दौरान मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने बनार निवासी धर्मेन्द्र (33) और उमरनी निवासी सुखदेव (21) को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, जहां दोनों ने वारदात करना कबूल कर लिया।

### पहले से रची थी पूरी साजिश, 5 दिन तक की रेकीः

पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी धर्मेन्द्र पहले शिवगंज में ही एक ज्वैलर्स की दुकान पर काम कर चुका है। उसे बाजार की गतिविधियों और व्यापारियों की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी। इसी जानकारी का फायदा उठाते हुए उसने वृद्ध व्यापारी को आसान निशाना चुना और लगातार पांच दिनों तक उनकी रेकी की। इसके बाद अपने साथी सुखदेव के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया।

### पुलिस टीम की मुस्तैदी से खुला राजः

इस पूरे मामले के खुलासे में थाना अधिकारी बाबूलाल राणा के नेतृत्व में गठित टीम की भूमिका सराहनीय रही। टीम में उपनिरीक्षक प्रेम सिंह, हेड कांस्टेबल भीमसिंह, सुभाष, अभयसिंह, लोकेश कुमार और परिमल गुर्जर सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने दिन-रात मेहनत कर आरोपियों तक पहुंच बनाई।

### व्यापारियों में बढ़ा विश्वास, सुरक्षा पर जोरः

घटना के खुलासे के बाद ज्वैलरी बाजार के व्यापारियों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है। साथ ही पुलिस ने व्यापारियों को सतर्क रहने और कीमती सामान की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है और मामले में आगे की जांच जारी है। पकड़े गए अपराधियों का शहर में पुलिस ने जुलूस भी निकाला।

## एक शाम बाबा श्याम के नाम भजन संध्या में झूमें श्रोता

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** श्री मां वैष्णो देवी सेवा समिति के तत्वावधान में 41 गायक कलाकारों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर दशम श्री श्याम महोत्सव 'एक शाम बाबा श्याम के नाम' संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जो देर रात्रि तक चला। श्री मां वैष्णो देवी मंदिर के महंत कैलाश भगत ने बताया कि चौमूं शहर के वार्ड नंबर 43, विकास नगर, सामोद रोड, बाईपास पुलिया के पास स्थित श्री मां वैष्णो देवी मंदिर में बाबा श्याम का दसवां श्री श्याम महोत्सव एक शाम बाबा श्याम के नाम से मनाया गया। इस दौरान विदेशी फूलों से माँ वैष्णो देवी के साथ बाबा श्याम का भी भव्य दरबार सजाया गया। फागोत्सव के दौरान 108 कलर की झांकी सजाई गयी। साथ ही बाबा के छप्पन भोग और 108 फलों की झांकी सजाई गयी। इत्र वर्षा के साथ क्षेत्र की प्रसिद्ध हस्तियों का माला, साफा, माता की चुनरी और फोटो भेंट कर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में नरसिंहपुरी महाराज, भगवानपुरी महाराज, कथा वाचक चंद्र प्रकाश शास्त्री और संत रामचरण दास का पावन सानिध्य मिला। निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, विधायक प्रत्याशी छुट्टन यादव, सैनी समाज अध्यक्ष हीरालाल सैनी, समाजसेवी डॉ. सुरेश चंद शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, डीवाईएसपी प्रदीप शर्मा, आल इंडिया सैनी सेवा समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल सैनी, जन सेवक कपिल कटारिया, कन्हैयालाल सैनी एमवीएस, रवि डिफेंस एकेडमी, गौ सेवक प्रकाश शर्मा, सैनी हॉस्पिटल डायरेक्टर भगवान सहाय सैनी, गुरु प्रेरणा सत्संग मंडल, सुंदरकांड मंडल चौमूं की टीम ने शिरकत की। भजन संध्या में विनोद सैनी, बाबूलाल चौधरी, शिम्भु माली, अर्जुन भगत, बिरदीचंद गुर्जर, सुल्तान यादव, चिरंजीलाल, कान्हा दीवाना, श्रवण सैनी, रामनिवास यादव, ममता मीना, कोमल सैनी, सुरभि शर्मा, पूनम राजपूत, सुमन सैनी सहित करीब 41 सिंगर्स ने बाबा को देर रात तक रिझाया।

## चौंमू में रोड लाइटों का बिजली कनेक्शन काटने की तैयारी, नगर परिषद का 8 करोड़ का बिल बकाया

### जलदाय विभाग ने भी 14 लाख जमा नहीं करवाएं




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** उपखंड क्षेत्र में बिजली निगम की ओर से बकाया बिलों की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है इसके बावजूद कई सरकारी विभागों पर करोड़ों रुपए का बिजली बिल बकाया है। चौमूं नगर परिषद पर रोड लाइटों का करीब 8 करोड रुपए से ज्यादा का बिजली बिल बकाया है। बिजली निगम ने नगर परिषद को कई बार नोटिस जारी किए हैं लेकिन अब तक भुगतान नहीं हुआ है निगम अधिकारियों ने बताया कि राशि जमा नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। और रोड लाइटों के कनेक्शन काटने की तैयारी कर ली गई है।

### बार-बार नोटिस के बावजूद जमा नहीं कराया:

सहायक अभियंता आशीष गुप्ता ने बताया कि नगर परिषद का करीब 8 करोड रुपए का बिल बकाया है जिसे बार-बार नोटिस के बावजूद जमा नहीं किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम पंचायतों और अन्य स्थानीय संस्थाओं पर भी बिजली बिल बकाया है जिससे निगम की वसूली प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। बिजली निगम के अधिकारियों ने अन्य सरकारी विभागों के बकाया बिलों का भी विवरण दिया। चौमूं जलदाय विभाग पर करीब 14 लाख रुपए, जलदाय विभाग ग्रामीण पर लगभग ढाई लाख रुपए, जल जीवन मिशन योजना के तहत करीब 20 लाख रुपए और अन्य सरकारी विभागों पर लगभग 9 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया है। निगम अधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों से जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करने की अपील की है ताकि राजस्व वसूली सुचारू रूप से हो सके और आवश्यक सेवाओं पर कोई प्रभाव में पड़े।

## अग्निकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, युवा राजपूत उत्थान समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा क्षेत्र में हुए अग्निकांड के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर युवा राजपूत उत्थान समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नाम उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समिति ने बताया कि 13 मार्च की रात करीब 10:30 बजे नामजद व्यक्तियों द्वारा बनवारी लाल पुत्र मायाराम (जाति ठाकुर) के सरसों के करीब 10 बीघा के खलिहान में आग लगा दी गई, जिससे पीड़ित किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन 15 मार्च की शाम को मुकदमा संख्या 55/2026 दर्ज किया गया। समिति ने आरोप लगाया कि 17 मार्च तक भी घटना का मौका मुआयना नहीं किया गया और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में पीड़ित किसान की आर्थिक स्थिति, आरोपियों द्वारा पूर्व में दी गई धमकियों और हुए नुकसान का विस्तृत उल्लेख करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं पीड़ित को राहत दिलाने की मांग की गई। समिति ने पुलिस कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में रामनरेश सिंह जादौन, हेमेंद्र सिंह, सरपंच जितेंद्र सिंह जादौन, मनोज राघव, हजारी प्रसाद, मनोहर सिंह, राजन ठाकुर, जिहान सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुर, अशोक सिंह, हरेंद्र सिंह, कुलदीप, पंकज, जितेंद्र, हरि सिंह, जगदीश सिंह (डीलर), पीड़ित बनवारी लाल, उदय, सचिन, सोनू, धर्मेंद्र सिंह, बलराम, धीरज, देवेंद्र, गुड्डु, गब्बर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार थार ने स्कूटी को मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत; 8 वर्षीय बच्चा घायल

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक 8 वर्षीय बच्चा घायल हो गया। हादसा तेज रफ्तार थार गाड़ी द्वारा स्कूटी को टक्कर मारने से हुआ। जानकारी के अनुसार यह हादसा एनएच-52 पर गोविंदगढ़ बधाला कट के पास हुआ। स्कूटी सवार रिटायर्ड शिक्षक सत्यनारायण सैनी और उनके पुत्र एडवोकेट विजेंद्र सैनी किसी जलवा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार थार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटी पर सवार एक 8 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदगढ़ थाना प्रभारी विनोद सांखला पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। हादसे के बाद थार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त स्थान पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# कार्तिक आर्यन और जाह्नवी कपूर के बाद लक्ष्य लालवानी भी छोड़ सकते हैं 'दोस्ताना 2'

कुछ दिनों बाद में फिल्म की कास्ट में बड़ा बदलाव देखने को मिला। कार्तिक आर्यन और जाह्नवी कपूर इस प्रोजेक्ट से अलग हो गए, जबकि लक्ष्य लालवानी अभी तक इस फिल्म से जुड़े हुए हैं।

### विक्रांत मैसी होंगे फिल्म का हिस्सा



इसी बीच हाल ही में अभिनेता विक्रांत मैसी ने पुष्टि की थी कि वह 'दोस्ताना 2' का हिस्सा हैं। लेकिन अब फिल्म को लेकर एक नई खबर सामने आई है। फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लक्ष्य भी इस फिल्म से अलग हो सकते हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि धर्मा प्रोडक्शन्स की यह फिल्म एक बार फिर देरी का शिकार हो गई है, जबकि इसकी शूटिंग कई साल पहले शुरू हो जानी चाहिए थी।

### फिल्म की कास्ट नहीं हुई है फाइनल

रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया, 'दोस्ताना 2 की कास्ट अभी तक फाइनल नहीं हुई है। हो सकता है कि लक्ष्य भी यह फिल्म न करें।' सूत्र ने यह भी बताया कि 'दोस्ताना 2' बनना तय है, लेकिन फिलहाल फिल्म की कास्ट लॉक नहीं की गई है। हालांकि इस खबर को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो लक्ष्य ने हिंदी फिल्मों में डेब्यू धर्मा प्रोडक्शन्स की फिल्म 'किल' से किया था। इस फिल्म में उनके साथ राघव जुयाल और तान्या मानिकतला भी नजर आए थे। इसके बाद वह आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू सीरीज 'द बैस्टर्ड्स ऑफ बॉलीवुड' में भी दिखाई दिए। अब जल्द ही लक्ष्य फिल्म 'चांद मेरा दिल' में नजर आएंगे, जिसमें उनके साथ अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में होंगी। इस फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी कर रहे हैं और इसे भी धर्मा प्रोडक्शन्स ही प्रोड्यूस कर रहा है।



# 85-90 बार रिजेक्ट होने के बाद निम्रत कौर को मिला था पहला काम

निजी जिंदगी में बड़े हादसों को झेलने के बाद पर्दे पर पहचान बनाने के लिए लंबा संघर्ष करना हिम्मतवालों का काम है और ऐसी हिम्मत व जज्बा कम ही अभिनेत्रियों में देखने को मिलता है। ऐसी ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी अभिनेत्री हैं निम्रत कौर, जिन्होंने 'द लंचबॉक्स,' 'पेडल्स,' और 'होमलैंड' जैसी फिल्मों से हॉलीवुड और बॉलीवुड में दर्शकों का दिल जीता, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अभिनेत्री की निजी जिंदगी और करियर दोनों ही मुश्किलों से भरे थे। राजस्थान के गांव में 13 मार्च को जन्मी निम्रत कौर आर्मी बैकग्राउंड से आती हैं। उनके पिता मेजर भूपिंदर सिंह भारतीय सेना में अधिकारी थे लेकिन कश्मीर में हुए एक विद्रोह में कुछ लोगों ने उन्हें किडनैप करके मौत के घाट उतार दिया था और उस वक्त निम्रत 12 साल की थी। अपने पिता को खोने का गम साथ लिए वह परिवार के साथ नोएडा शिफ्ट हो गई, जहां उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी की।
निम्रत को पहले से ही बॉलीवुड की चमक पसंद थी और अपनों की उड़ान को पूरा करने के लिए न सिर्फ मुंबई का रुख किया बल्कि थिएटर भी किया। पहले अपनी कला को निखारने के लिए अभिनेत्री ने कई नाटकों में भाग लिया लेकिन फिल्मों में आने की राह आसान नहीं थी। पैसे कमाने के लिए प्रिंट मॉडलिंग की और लेकिन काम की तलाश में उन्हें बॉलीवुड की तरफ से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। अभिनेत्री के रंग, हाइट और शारीरिक बनावट पर सवाल उठाए गए लेकिन निम्रत ने कभी हार नही मानी और परेशानी का सामना मजबूती से किया। उन्होंने खुद एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि काम की तलाश में रोज कई जगह भटकना पड़ता था और पहला काम 85-90 बार ऑडिशन में रिजेक्ट होने के बाद मिला था। निम्रत ने फिल्म से पहले साल 2004 में एल्बम सॉन्ग में काम किया था। उन्हें 'तेरा मेरा प्यार' और 'ये क्या हुआ' गानों में बतौर लीड देखा गया, जिसके बाद अनुराग कश्यप की वजह से उन्हें बॉलीवुड में काम करने का मौका मिला। उन्हें साल 2012 में दमदार फिल्म 'पेडलर्स' में देखा गया लेकिन असली लोकप्रियता 'द लंचबॉक्स' से मिली थी। आज निम्रत बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी पर अपनी एक्टिंग का दम दिखा रही हैं। उनकी 'द फैमिली मैन', 'एयरलिफ्ट', 'स्काईफोर्स' और 'दसवीं' दर्शकों की फेवरेट क्राइम थ्रिलर सीरीज है।

# राजामौली की 'वाराणसी' में होगी सुदीप की भी एंट्री



साउथ के डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' लगातार सुर्खियों में है। इस फिल्म से जुड़े लगातार अपडेट सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। पहले ही महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन इस परियोजना का हिस्सा बन चुके हैं। हाल ही में खबर आई कि दिग्गज अभिनेता प्रकाश राज भी फिल्म में शामिल हो गए हैं। अब ताजा चर्चा है कि सुपरस्टार किच्चा सुदीप भी इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि अभी तक निर्माताओं की ओर से पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अगर यह खबर सही साबित होती है, तो यह किच्चा और राजामौली का तीसरा सहयोग होगा। पहले दोनों ने फिल्म 'ईगा' में साथ काम किया था और इसके अलावा सुदीप ने 'बाहुबली : द बिगिनिंग' में भी छोटा लेकिन यादगार किरदार निभाया था।




# वेब सीरीज 'मामला लीगल है 2' में कुशा कपिला, निरहुआ की एंट्री





मशहूर कोर्टरूम कॉमेडी वेब सीरीज 'मामला लीगल है 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी धमाकेदार है। रवि किशन इसमें वीडी त्यागी के रूप में वापसी कर रहे हैं। वह जज की भूमिका में नजर आ रहे हैं। नए सीजन में कुशा कपिला और निरहुआ नजर आएंगे।
2 मिनट 32 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि रवि किशन जज बनने वाले हैं। इस बात से उनके साथी खुश होते हैं। हालांकि आगे का रास्ता उनके लिए मुश्किल होने वाला है। रवि किशन जब जज बन जाते हैं, तो उनके सामने कई हैरान करने वाले केस आते हैं। इसके बाद कोर्ट में कई अजीब चीजें होती हैं। आखिर में जब रवि किशन एक फैसला करने वाले होते हैं, तो उन्हें बताया जाता है कि वह अभी जज नहीं बने हैं।
'मामला लीगल है 2' के ट्रेलर में कुशा कपिला और निरहुआ नजर आए हैं। इसमें इन दो कलाकारों के अलावा रवि किशन, निधि बिष्ट, नायला ग्रेवाल, अनंत वी जोशी, अंजुम बत्रा, विजयंत कोहली और राजेंद्र गुप्ता भी हैं। इसके निर्देशक राहुल पांडे हैं। सीरीज को पोशम पा पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। इसे 3 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर किया जाएगा।

### पहली सीरीज पर मिला अच्छा रिस्पॉन्स

सीरीज का पहला सीजन साल 2024 में रिलीज हुआ था। कॉमेडी और कोर्टरूम ड्रामा ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसके बाद फैंस इसके दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। 'मामला लीगल है' में कई केस असल जिंदगी से प्रेरित दिखाए गए थे।

# 'भारत भाग्य विधाता' में नर्स का किरदार निभाएंगी कंगना रनौत



**बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने राजनीति में कुछ समय बिताने के बाद अब अपनी नई फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। कंगना की आगामी फिल्म का नाम 'भारत भाग्य विधाता' है। एक खबर के अनुसार, कंगना इस फिल्म में एक नर्स का किरदार निभाएंगी। फिल्म मुंबई के कामा और अल्बलेस अस्पताल में 26/11 हमलों के दौरान हुई घटना पर आधारित है। कंगना की इस फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्सुक हैं।**

### 'भारत भाग्य विधाता' के बारे में

'भारत भाग्य विधाता' फिल्म में गिरिजा ओक भी मुख्य भूमिका में होंगी। इस फिल्म का निर्देशन मनोज तापड़िया कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।
'भारत भाग्य विधाता' फिल्म 2008 के मुंबई 26/11 आतंकी हमलों पर आधारित है, खासकर अस्पताल में हुई घटनाओं और वहां के लोगों की बहादुरी पर। यह फिल्म दिखाएगी कि कैसे अस्पताल के कर्मचारियों ने मुश्किल वक्त में हिम्मत दिखाई और स्थिति को संभाला।

### हॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी कंगना?

कंगना अभिनेता आर. माधवन के साथ एक और फिल्म में काम करेंगी, जिसका निर्देशन ए.एल. विजय करेंगे। इसके अलावा, कंगना जल्द हॉलीवुड में 'ब्लेस्ड बी द इविल' फिल्म से डेब्यू कर सकती हैं, जिसमें टायलर पोसी और स्कारलेट रोज स्टैलोन भी होंगे।

# बारह भाई मेले में 'स्मार्ट पुलिसिंग': ड्रोन से आसमान से निगरानी, यातायात व सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर पुलिस ने स्मार्ट पुलिसिंग के तहत तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए बाड़ी कस्बे के ऐतिहासिक बारह भाई मेले में ड्रोन कैमरों से निगरानी रखकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया। करीब 170 वर्ष पुराने इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और लोगों की मौजूदगी के बीच पुलिस ने आसमान से नजर रखकर पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया।
पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व एडीएफ मुख्यालय बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में ड्रोन पेट्रोलिंग की गई। इसके माध्यम से मेले के प्रमुख मार्गों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों की डिजिटल मॉनिटरिंग की गई।
ड्रोन निगरानी के दौरान शोभायात्रा मार्ग पर यातायात में बाधा बनने वाले ठेलों और अवरोधों को हटवाया गया तथा दुकानों के सामने लगी भीड़ को नियंत्रित कर रास्ते सुचारू किए गए। वहीं कुछ मकानों की छतों पर पड़े ईंट-पत्थरों को भी सुरक्षा की दृष्टि से हटवाया गया, ताकि किसी प्रकार की



अनहोनी से बचा जा सके। पुलिस की इस पहल से मेले में आने वाले लोगों को सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल मिला। साथ ही यातायात व्यवस्था भी बेहतर बनी रही। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि तकनीक के माध्यम से आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। ड्रोन तकनीक से मेलों, त्योहारों और भीड़भाड़ वाले आयोजनों में निगरानी आसान होती है तथा असामाजिक तत्वों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो पाती है।

# खबर का असर: राजाखेड़ा तहसील में शुरू हुआ नए शौचालय निर्माण, वर्षों पुरानी समस्या का समाधान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** तहसील कार्यालय में लंबे समय से चली आ रही शौचालय समस्या को लेकर प्रकाशित खबरों का असर अब दिखाई देने लगा है। वर्षों से जर्जर और गंदगी से भरे शौचालयों की अनदेखी के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया और नए शौचालय व टॉयलेट निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। तहसील परिसर में महिला एवं पुरुषों के लिए पर्याप्त और उपयोगी शौचालय की व्यवस्था नहीं थी। जो शौचालय बने हुए थे, वे भी पूरी तरह जर्जर अवस्था में थे और गंदगी के कारण उपयोग के लायक नहीं बचे थे। आमजन और विशेष रूप से महिलाओं को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को विभिन्न प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया–हिंदुस्तान एक्सप्रेस, जयपुर टाइम्स, मृदुल पत्रिका, खबरों की दुनिया, चंबल प्रभाव, बीबीएन, ब्रज भास्कर, हल्ला बोल और जनता संवाद–में लगातार प्रमुखता से उठाया गया। इसके बाद तहसील प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग को राशि आवंटित कर दी। वर्तमान में पुराने जर्जर शौचालयों को हटाकर नए आधुनिक शौचालय व टॉयलेट निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे जल्द ही तहसील आने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि मीडिया की सक्रियता से ही यह कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य जल्द पूरा कर आमजन को राहत दी जाएगी।

## क्षेत्र में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया रंग तेरस का त्यौहार



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** बिजौलियां कस्बे समेत ऊपरमाल क्षेत्र में रंग तेरस का त्यौहार हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया।कस्बे में मोहल्लेवार पानी के ड्रम और टैंकर खड़े कर उनमें रंग घोला गया और ढोल की थाप व डीजे पर बजने वाले होली गीतों की धुन पर महिला-पुरुषों,बच्चों और युवाओं ने नाचते-गाते हुए एक दूसरे पर रंग डाल कर पिचकारी और डोलची से जम कर होली खेली।10 बजने के साथ ही बच्चों और युवाओं की टोलियां कस्बे में होली खेलने के लिए निकल पड़ी।वहीं ग्रुप बना कर अपने जाति-समाज के घरों में भी लोग होली खेलने पहुंचे।रंग तेरस पर होली खेलने का खास तरीका डोलची में रंग भर कर पीठ पर मारने का होता हैं। बारी-बारी से पुरुष और महिलाएं एक दूसरे की पीठ पर डोलची में रंग भर कर मारते हैं। ये मार इतनी तेज होती हैं कि अच्छे-अच्छे सिहर उठते हैं।कोड़ा मार और लठ्ठ मार होली की तर्ज पर मेवाड़ की डोलची मार होली भी प्रसिद्द हैं।

## 20 साल बाद खुला आम रास्ता, प्रशासन का बुलडोजर चला

### रूपनगर में आधा किमी अतिक्रमण हटाकर रास्ता कराया बहाल



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** तखतगढ़ उप तहसील क्षेत्र के रूपनगर गांव में करीब 20 वर्षों से अतिक्रमण की चपेट में आए आम रास्ते को प्रशासन ने आखिरकार मुक्त करवा दिया। सुमेरपुर एसडीओ कालूराम कुम्हार के निर्देश पर उप तहसीलदार जितेंद्र बबेरवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से करीब आधा किलोमीटर कच्चे रास्ते से अतिक्रमण हटाया गया। खसरा संख्या 499 के इस गैर मुमकिन रास्ते पर लंबे समय से अवैध कब्जा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के दौरान राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अतिक्रमण हटने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, वहीं प्रशासन ने साफ किया कि सार्वजनिक रास्तों पर कब्जा अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एनएसएस शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनिया में आयोजित एनएसएस शिविर के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र की शुरुआत सोमवार को संस्था प्रधान मनोज कुमार त्रिपाठी की ओर से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। प्रथम सत्र में संस्था प्रधान त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण सुरक्षा, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। द्वितीय सत्र में प्रधानाचार्य के निर्देशानुसार विद्यालय के पास गोद ली गई बस्ती में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। तृतीय सत्र में मनोज कुमार त्रिपाठी व राजीव तोमर ने शिविर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सत्र की शुरुआत में सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार भी वितरित किया गया। शिविर में महेश प्रताप सिंह, अमर सिंह, राकेश कुमार व्यास, एनएसएस प्रभारी सोहन सिंह एवं सह प्रभारी रोहित शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## माहेश्वरी बंधुओं ने होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में फूलों से खेली होली

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निस)।** सुभाष चौक स्थित दिवंगत भामाशाह सेठ नाथुलाल तेला की ओर से निर्मित माहेश्वरी भवन में स्थानीय माहेश्वरी समाज बंधुओं ने समाज अध्यक्ष रामरतन मालू की अगुवाई में होली स्नेह मिलन में सुगंधित फूलों से होली खेली। कोषाध्यक्ष अरूण मालू ने बताया कि महेश वंदना के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ। सचिव सुरेश राठी ने बताया कि आयोजन के दौरान भजनों की संगीतमय धुनों के साथ पुष्प वर्षा कर उपस्थित महिलाएं अपने आप को नृत्य करने से नहीं रोक पाई ओर जमकर नृत्य किया। महिला मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी राठी ने बताया कि अल्पाहार व सांयकाल आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान रघुनंदन मालू, रामरतन मालू, अशोक-अरूण मालू, द्वारका प्रसाद आगीवाल, अरूण मोदानी, अनुराग मोदानी, सुरेश-मीनाक्षी राठी, मनोज मंत्री, अतुल मालू, राहुल मालू सहित समाज बंधु व महिलाएं उपस्थित रहीं।

## गणपतसिंह मांडोली प्रकरण में महिला समेत तीन गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले के बहुत चर्चित गणपतसिंह राजपूत मौत प्रकरण के मामले में पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए मंगलवार 17 मार्च को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक महिला भी शामिल है, ये तीनों आरोपी मृतक गणपत सिंह के मांडोली गांव के ही निवासी हैं। बता दें कि करीब 18 महीने पहले गणपत सिंह की मांडोली में संदिग्ध मौत हुई थी, इस मामले में उनके परिवार की ओर से तीन बार धरना प्रदर्शन किया गया। इन दिनों 27 फरवरी से गणपतसिंह की 80 वर्षीय मां हवाकंवर व पत्नी भारती कंवर 18 दिन से भूख हड़ताल पर थी। इस अवधि में पुलिस ने विशेष टीम के जरिए जांच की, लेकिन ठोस साक्ष्य के अभाव में गिरफ्तारी नहीं हो पाई। अंत में एक विशेष साक्ष्य के तहत पुलिस ने मांडोली के गजेंद्रसिंह पुत्र सुरेंद्रसिंह राजपूत, वागाराम पुत्र कानाराम भील व लच्छू पत्नी सवाराम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें भीनमाल न्यायालय ने चार दिन के रिमांड पर सौंपा है। इस मामले में पूर्व जांच अधिकारी असीपीएस गोपीनाथ शरण काम्बले ने इन आरोपियों को संदिग्ध मानते हुए ट्रेस कर लिया था, लेकिन ठोस साक्ष्य के लिए नार्को की आवश्यकता महसूस की गई, लेकिन मुख्य आरोपी गजेन्द्रसिंह ने नार्को की सहमति देने से पहले पुलिस के सामने दो करोड़ रुपए की डिमांड रख दी। जिस कारण मामला रुक गया। उसके बाद पुलिस अन्य विकल्प के जरिये ठोस साक्ष्य की तलाश कर रही थी, जिसका क्लू मिलते ही गिरफ्तार कर लिया। अन्य की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद रानीवाड़ा विधायक नारायण सिंह देवल, राम सिंह चारणीम, रविंद्र सिंह बालावत, दीप सिंह धनानी, भंवरसिंह समेत समाजबंधुओं मौजूदगी में 80 वर्षीय बुजुर्ग मां हवा कंवर व गणपतसिंह की पत्नी भारती कंवर को जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाई गई। गणपत सिंह की मां ने इस संघर्ष में साथ देने वाले सभी जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पुलिस ठोस साक्ष्य जुटाएं और न्यायालय में मजबूत पैरवी कर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएं। वहीं मृतक गणपत सिंह के भाई अभय सिंह व कल्याण सिंह ने कहा कि हमें न्याय की जरूरत थी पुलिस ने आरोपी पकड़े है और हमारी कोई मांग नहीं है।

## स्थायी लोक अदालत का बड़ा फैसला: गलत बिजली बिल पर उपभोक्ता को 1 लाख रुपए क्षतिपूर्ति

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** स्थायी लोक अदालत ने एक महत्वपूर्ण व उपभोक्ता हित में ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए बिजली विभाग की लापरवाही और संवेदनहीनता पर कड़ा रुख अपनाया है। प्रकरण संख्या 165/24, श्री हरिओम शर्मा बनाम जे.वी.वी.एन.एल. में न्यायालय ने प्रार्थी के पक्ष में फैसला सुनाया। यह निर्णय स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश भट्ट व सदस्य राम दत्त श्रोति तथा वीरेंद्र उपाध्याय ने संयुक्त रूप से सुनाया। प्रकरण के अनुसार, प्रार्थी के आवास पर स्थापित विद्युत मीटर 28 अक्टूबर 2024 को हाई वोल्टेज व शॉर्ट सर्किट के कारण जल गया था। प्रार्थी की ओर से तत्काल विभाग को सूचना देकर मीटर बदलने का अनुरोध किया गया, किंतु विभाग की ओर से समय पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। इसके विपरीत, विभाग ने जले हुए मीटर पर गलत रीडिंग अंकित कर नवंबर 2024 माह का 5872 यूनिट का अत्यधिक व अवास्तविक बिल 51,725.06 जारी कर दिया, जबकि प्रार्थी का पूर्व उपभोग अधिकतम 500 यूनिट तक ही रहा था। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि जले हुए मीटर से रीडिंग लेना और असामान्य रूप से अधिक यूनिट दर्शाना विभाग की गंभीर लापरवाही व संभावित दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही को दर्शाता है। साथ ही, मीटर समय पर न बदलने के कारण प्रार्थी को लगभग एक माह तक बिना बिजली के रहना पड़ा, जिससे उसे मानसिक व सामाजिक कष्ट का सामना करना पड़ा। नवंबर 2024 का गलत बिल निरस्त कर औसत उपभोग (लगभग 191 यूनिट) के आधार पर नया संशोधित बिल जारी किया जाए। प्रार्थी की ओर से संशोधित बिल प्राप्त होने पर उसका भुगतान किया जाएगा। विभाग के तत्कालीन सहायक अभियंता (ग्रामीण) को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराते हुए उनके वेतन से 1,00,000 (एक लाख रुपये) की क्षतिपूर्ति प्रार्थी को एक माह के भीतर देने का आदेश दिया गया है। निर्धारित अवधि में क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान न होने पर 6' वार्षिक ब्याज भी देय होगा। न्यायालय ने अपने निर्णय में यह भी कहा कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा में इस प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य है और यह आदेश भविष्य में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मिसाल के रूप में देखा जाएगा। यह निर्णय उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा व प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय व महत्वपूर्ण कदम है।

## शांति सागर संत निलय का लोकार्पण कल

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के दिगंबर जैन बीस पंथी बड़ा मंदिर परिसर में नवनिर्मित शांति सागर संत निलय का लोकार्पण गुरुवार को दिगंबर जैन मुनि वैराग्य सागर महाराज और दिगंबर जैन मुनि सुप्रभ सागर महाराज के मंगल सानिध्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल गोधा ने बताया कि बुधवार को दोपहर में शांति मंडल विधान, सामूहिक पूजन,शाम को भक्तामर आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम और गुरुवार को प्रातः 7 बजे शांति धारा अभिषेक, 8 बजे धर्म सभा का आयोजन, चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन, शास्त्र भेंट और दानदाताओं का सम्मान, मुनिश्री का मंगल प्रवचन और प्रातः 10:15 बजे शांति सागर संत निलय का लोकार्पण बिजौलियां के महावीर गोधा परिवार की ओर से किया जाएगा। संत निलय पर विशेष रोशनी सजावट की गई हैं।


### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम अनूरा जालवाल (ANURA JALWAL) से बदलकर अनूरा (ANURA) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम अनूरा (ANURA) नाम से जाना जावें।

**निवासी- अनूरा पुत्री मनीष जालवाल, प्लॉट नंबर 678 - ए, फ्लैट नं. 302, पार्क शुभम, रानी सती नगर, लेन नं. 9, सुन्दर नगर निर्माण नगर, जयपुर राजस्थान - 302019**

### College of Dairy & Food Technology (CDFT)

Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Jobner, Jaipur

No. :- F. ( )/CDFT/2025-26/1300 - 1304 Date :- 12/03/2026

**OPEN TENDER NOTICE OT-04 (2025-26)**

Sealed tenders are invited from eligible original manufacturers/ authorized dealers/ suppliers/ distributors for Open Tender OT-04 under Two Bid Systems (Separate Technical Bid and Price Bid) for the supply of "Supply, Installation & Commissioning of Integrated IT Hardware and AV Infrastructure along with accessories". The application will open for submission from 13.03.2026 to 23.03.2026 up to 04:00 PM and after this, bids will be opened by the purchase committee at the Office of the DEAN, College of Dairy and Food Technology (CDFT), Bassi, NH-21, Agra Road, Jaipur-303301 (Rajasthan) on 24.03.2026 at 11:30 AM.

Detailed Terms & Conditions, and tender application form should be downloaded from the State Public Procurement Portal website **http://sppp.rajasthan.gov.in** and University website **www.rajuvas.org** or the **UBN No. VAU2526GSOB00150.**

The DEAN, College of Dairy and Food Technology (CDFT), Bassi, Jaipur, holds the right to reject the tender. The Bids/ Tendered not fulfilling the prescribed terms & conditions or submitted after the due date shall be rejected.

Raj.Samwad/C/25/22676 DEAN

### कार्यालय ग्राम पंचायत बरडोटी पंचायत समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः- ग्रा.पं. बरडोटी / निविदा / लेखा / 2025-26/348 दिनांक 16-3-2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 04**

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बरडोटी के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2526GLOB02889
TENDER ID - 2026_ PRD_ 546460-1

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत बरडोटी**
**पं.स. साँभरलेक (जयपुर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बरडोटी**
**पं.स. साँभरलेक (जयपुर)**

### कार्यालय ग्राम पंचायत सीतारामपुरा पंचायत समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः- ग्रा.पं. सीतारामपुरा / निविदा / लेखा / 2025-26/131 दिनांक 16-3-2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 04**

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत सीतारामपुरा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2526GLOB02933
TENDER ID - 2026_ PRD_ 546879-1

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत सीतारामपुरा**
**पं.स. साँभरलेक (जयपुर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सीतारामपुरा**
**पं.स. साँभरलेक (जयपुर)**

### OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT BARDOTI
**PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO: 2025-26/BARDOTI/181-1/347 DATE 16-03-2026

**INVITATION OF TENDER 05/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for One construction work at GP BARDOTI P.S. Sambhar Lake (Jaipur) total estimated cost Rs. 5.00 Lacs

Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN: ZJP2526WSOB02888
Tender ID - 2026_PRD_546442_1

**Prashasak**
**Gram Panchayat BARDOTI**
**PANCHAYAT SAMITI**
**SAMBHAR LAKE**

**VDO**
**Gram Panchayat BARDOTI**
**PANCHAYAT SAMITI**
**SAMBHAR LAKE**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, बीकानेर

क्रमांकः-अअ/वि.खण्ड/बी./निविदा/2025-26/ 1861 दिनांक :- 10.03.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 53 / वर्ष 2025-26**
**(NIB Code No PWD2526A6085)**

निम्न हस्ताक्षर कर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युतीकरण कार्यों के लिए मोहरबन्द निविदाएं सा.नि.वि., राज मे सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की दिनांक 11.03.2026 से 18.03.2026 तक सांय 6.00 बजे तक जमा कराई जा सकती है। तकनीकी निविदा दिनांक 19.03.2028 को प्रात 11.00 बजे खोली जायेंगी। प्री-बिड मिटिंग की दिनांक 16.03.2026 दोपहर 01.00 बजे है। निविदा की अन्य शर्ते एवं स्वीकृत तकमीना आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस के दौरान इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। अन्य शर्ते व विवरण इस कार्यालय में व डीपीआर की वेबसाईट www.dipronline.org. http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। कुल कार्यों की संख्या 1 कुल लागत 229.00 लाख
UBN No. 1. PWD2526WSOB25348

**भवदीय**
**(मनोज कुमार रावत)**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. विद्युत खण्ड, बीकानेर**

DIPR/C/5315/2026

### कार्यालय ग्राम पंचायत राजनौता, पंचायत समिति पावटा, जिला कोटपुतली-बहरोड़

क्रमांक - ग्राप. रा/2025/341 दिनांक- 13/03/216

**ई-निविदा सूचना / 2025-26**

ग्राम पंचायत राजनीता, पंचायत समिति पावटा, कोटपुतली - बहरोड़ में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्माण कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र मे ई-निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।
UBN- ZJP2526WSRC02903
ZJP2526WSRC02902

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत राजनौता**
**पं. स. पावटा, कोटपुतली-बहरोड**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत राजनौता**
**पं. स. पावटा, कोटपुतली-बहरोड**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग, नगर खण्ड-II (दक्षिण), जयपुर

कमांक/अ.अ./न.ख.II (द0) / 2025-26/4531-4542 दिनांकः- 06/03/2026

**निविदा सूचना संख्या 63-64 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खंड के अधिन निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती के । निविदा संबंधी विवरण www.sppp.raj.nic.in एवं http//www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती ळे । निविदा निम्नानुसार निर्धारित दिनांक तक ऑनलाइन बेची जाकर निर्धारित दिनांक को 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी ।

| S.No. | NIT No. / Year | Amount (in lacs) | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | 63/2025-26 | 47.62 | PHE2526WSOB15272 |
| 2 | 64/2025-26 | 15.11 | PHE2526WSOB15273 |

**(भंवर सिंह किशनावत)**
**अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग**
**नगर खण्ड-II (दक्षिण), जयपुर**

DIPR/C/5080/2026

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, बीकानेर

क्रमांकः-अअ/वि.खण्ड/बी./निविदा/2025-26/1896 दिनांक :-14.03.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 59 / वर्ष 2025-26**
**(NIB Code No PWD2526A6153)**

निम्न हस्ताक्षर कर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युतीकरण कार्यों के लिए मोहरबन्द निविदाएं सा.नि.वि., राज में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की दिनांक 14.03.2026 से 17.03.2026 तक सांय 6.00 बजे तक जमा कराई जा सकती है। तकनीकी निविदा दिनांक 18.03.2026 को प्रात 11.00 बजे खोली जायेंगी। प्री-बिड मिटिंग की दिनांक 16.03.2026 दोपहर 01.00 बजे है। निविदा की अन्य शर्ते एवं स्वीकृत तकमीना आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस के दौरान इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। अन्य शर्ते व विवरण इस कार्यालय में व डीपीआर की वेबसाईट www. dipronline.org, http//sppp.rai.nic.in पर देखा जा सकता है। कुल कार्यो

DIPR/C/5572/2026

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, बीकानेर

क्रमांक :-1895 दिनांकः- 14.03.2026

**(अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 58 / वर्ष 2025-26**
**(NIB Code No. PWD2526A6151)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों द्वारा एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/के लो.नि.वि. / डाक एवं दूरसंचार / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के संवेदकों के समकक्ष (पी. डब्ल्यू. एफ. एण्ड ए. आर. के नियमों) हो उनसें निर्धारित प्रपत्र में विद्युतीकरण कार्यों के लिए मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्रों की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 17.03.2026 तक दोपहर 13:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र उसी दिनांक 17.03.2026 की मध्यान्ह 04.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त कर उसी समय उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जायेगी। निविदा की अन्य शर्ते एवं स्वीकृत तकमीना आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस के दौरान इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। अन्य शर्ते व विवरण इस कार्यालय में व डीपीआर की वेबसाईट www.dipronline.org. http// sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
कुल कार्यो की संख्या 06 कुल लागत 1.51 लाख ।
UBN No. 1.
PWD2526WSOB25642 PWD2526WSOB25643
PWD2526WSOB25644 PWD2526WSOB25645
PWD2526WSOB25646 PWD2526WSOB25647

**भवदीय**
**(मनोज कुमार रावत)**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. विद्युत खण्ड, बीकानेर**

DIPR/C/5571/2026

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
18 मार्च, 2026

## रसोई गैस कीमतों व सिलेंडर किल्लत के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम का पुतला फूंका



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और गैस सिलेंडरों की किल्लत को लेकर तारानगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय विधायक नरेंद्र बुड़ानिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायक बुड़ानिया ने आरोप लगाया कि सरकार विकास के मुद्दों से ध्यान भटकाकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी शुरू हो गई है, जिससे आमजन खासकर गरीब वर्ग को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और छोटे कारोबार भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द राहत देने की मांग की। इस मौके पर संजय कस्वां, मोहर सिंह ज्याणी, विमला कालवा, हरिसिंह बेनीवाल, उमाशंकर शर्मा, मदन पांड्या, सहदेव भाटी, वेद प्रकाश सहारण, कृष्ण कुमार सहारण, सुरेन्द्र सहारण, आसिफ, भागीरथ भामी, मुंशी खां तेली, जयनारायण सहारण, कुंदन सैनी, दिनेश शर्मा, शरीफ लुहार, रामस्वरूप झाझड़िया, भगत सिंह भाकर, विकास धेतरवाल, राकेश शर्मा, शीशपाल धीनवाल, गोविंद थालोड, योगेश वर्मा, प्रकाश खैरवा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेत्रदान करने पर चौरडिया परिवार का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय तेरापंथ सभा भवन में नेत्रदानी भींवराज चोरड़िया की स्मृति सभा में सभी समाज बंधुओं व प्रबुद्धजनों ने चौरड़िया परिवार की ओर से भींवराज चौरड़िया की मृत्यु पश्चात नेत्रदान करने के निर्णय की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और इसे एक अनुकरणीय कार्य बताया। आचार्य श्री तुलसी के पोते राजेश खटेड, सभा से केसरी चन्द मालू , प्रेम देवी चौरडिया, रौनक खटेड़, सुमन चोरड़िया ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 2 दिन पहले हुए लायंस क्लब के कार्यक्रम श्रेष्ठा में उमा झवर की ओर से नेत्रदान के लिए प्रेरित करने व इसके महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया गया, इसी ने हमें नेत्रदान करने का निर्णय लेने में संकोच नहीं हुआ। लायंस क्लब के जोन चेयरपर्सन लॉयन एमजेएफ कमल तापड़िया ने कहा कि जो कॉर्निया दान किया गया, वह दूसरे दिन ही जरूरतमंद व्यक्ति को प्रत्यारोपित कर दिया गया। लायंस क्लब अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने चोरड़िया परिवार को सम्मान पत्र देते हुए कहा कि यह नेक कार्य भविष्य में और लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगा। परिवार के लोगों ने इस नेक कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए लायंस क्लब, सरदारशहर से आई बैंक की टीम, समाज सेवी श्यामसुंदर स्वर्णकार, नर्सिंग स्टाफ सुभाष चोपड़ा, लायंस क्लब की डायरेक्टर कमला सिंघी को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। उमा झंवर का संदेश पढ़ा गया। राजकुमारी भूतोड़िया ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि समाज में इस पहल से अन्य लोगों में भी नेत्रदान करने की भावना प्रबल हुई है।

## खेड़िया परिवार ने किया भेंट किया वाटर कूलर व वाटर फिल्टर मशीन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्टेशन मार्ग स्थित आदर्श विद्या मंदिर में अध्ययनरत विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए शुद्ध व शीतल जल की व्यवस्था करते हुए खेड़िया परिवार ने वाटर कूलर व वाटर फिल्टर मशीन भेंट किया जिसका विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को गरिमामय कार्यक्रम में लोकार्पण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में वाटर कूलर व वाटर फिल्टर मशीन भेंट करने वाले दानदाता मनोहर लाल खेड़िया, संतोष देवी खेड़िया, संदीप खेड़िया, मुकेश पाराशर, योगेश टेलर बतौर अतिथि रहे। इस अवसर पर समिति के मंत्री मुरारीलाल महर्षि, व्यवस्थापक पुरूषोत्तम मिश्रा, राजकुमार खिरवेवाल, माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रतनलाल सैनी ने आभार व्यक्त किया।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड पर ग्रामीणों ने कचरा वाहन रोकेः मुख्य द्वार पर ताला जड़ा

**बारां (निस)**बारां शहर के पास नगर परिषद द्वारा संचालित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अव्यवस्थाओं के खिलाफ मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। नियाना, माथनी, माथना और दूनीखेड़ा गांवों के लोगों ने कचरे के अनुचित निस्तारण और अवैध रूप से आग लगाने का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया।

# किसान की अनूठी पहलः 40 लाख की 6 बीघा जमीन विद्यालय को दान, शिक्षा के लिए पेश की मिसाल

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज सेवा की भावना का परिचय देते हुए गांव जेगणिया बिदावतान के साधारण किसान एवं गायत्री उपासक रूपाराम कड़वासरा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए करीब 40 लाख रुपए मूल्य की 6 बीघा भूमि खरीदकर दान में दी। उनके इस सराहनीय कदम से क्षेत्र में शिक्षा के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर भामाशाह रूपाराम कड़वासरा की ओर से भूमि के कागजात मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास को राजलदेसर तहसीलदार हरदीप सिंह के सानिध्य में सौंपे गए। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि



रूपाराम कड़वासरा इससे पूर्व भी अपने पिता नंदाराम की स्मृति में विद्यालय में एक कक्षा कक्ष का निर्माण करवा चुके हैं। उनके इस सतत योगदान को देखते हुए शिक्षा विभाग की ओर से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास ने उन्हें माला व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया तथा परिवार के उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में भामाशाह प्रेरक के रूप में शिक्षक सत्यवीर सिंह यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान प्रधानाचार्य राकेश कुमार, उप प्रधानाचार्य प्रीतम सिंह, पूर्व सीबीईओ धनाराम प्रजापत, पूर्व प्रधानाचार्य सत्यनारायण पुरोहित, व्याख्याता रिखाराम तालणिया, महेश कुमार सांखोलिया सहित अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कहा कि रूपाराम कड़वासरा का यह योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक है और इससे अन्य लोग भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित होंगे।

## बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों की अब खैर नहीं, होगी सख्त कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर और आसपास के क्षेत्र में बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले लोगों की अब खैर नहीं है। नए थाना अधिकारी ने इसके संकेत दे दिए हैं। कोतवाली थाने के सीआई के रूप में कार्यभार संभाल चुके आरपीएस विनोद कुमार ने कहा है कि शहर की ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। विनोद कुमार ने कहा कि बिना हेलमेट के बाईक सवार नजर आने पर उनके चालान किए जाएगे, चाहे बाईक सवार शहर के अंदर हो या बाहर। उन्होंने कहा कि सीट बैल्ट को लेकर पुलिस सख्ती करेगी और शराब पीकर वाहन चलाने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। इसी प्रकार काली फिल्मी लगी कारों पर कार्यवाही की जाएगी तथा अनाधिकृत नाम वाहनों पर नंबर प्लेट के स्थान पर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जितने भी गैंगस्टर्स के फोलो करने वाले लोग हैं, उन पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही की जाएगी। विनोद कुमार ने कहा कि समाज के सभी तबकों के लोग बेझिझक आए और समय पर सूचना दें, ताकि राहत जनता तक पहुंच सके। रात्रि में 11 बजे के बाद अनावश्यक ही बाहर घूमने वाले लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। इस बारे में परिजनो को भी अपने बच्चों की तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है कि रात में उनके बच्चे आवारागर्दी करते तो नहीं घूम रहे। वहीं पुलिस ने बिना हेलमेट के बाईक सवारों पर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली थाने के बाहर ही बिना हेलमेट बाईक चालकों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान एक व्यक्ति इस बात को लेकर उलझता भी नजर आया कि शहर में हेलमेट कब से अनिवार्य हो गए।

### पुलिस और मीडिया दोनों समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ

## एसपी जय यादव का प्रमोशन पर अभूतपूर्व अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** एसपी जय यादव के डीआईजी पद पर पदोन्नति और उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में मंगलवार को सूचना केंद्र में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसपी जय यादव ने कहा कि जिले में पुलिस और मीडिया के बेहतर समन्वय से 'अपराधियों में डर, आमजन में विश्वास' का उद्देश्य साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस और मीडिया दोनों समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। इनके सकारात्मक सहयोग से अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। यादव ने मीडिया की रचनात्मक भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह पुलिस के कार्यों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार, डीएसपी सुनील झाझड़िया और एपीआरओ मनीष कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भी जय यादव की कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से लोगों का भरोसा बढ़ा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा ने की। अंत में मीडियाकर्मियों ने जय यादव को शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कुंजबिहारी बिरमीवाला ने किया।

## गणगौर महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री मेढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार महिला मंडल के तत्वाधान में व श्याम सखी मंडल सुजानगढ़ के सौजन्य से सोनी धर्मशाला में राजस्थान का पारंपरिक त्यौहार गणगौर महोत्सव 2026 बड़े धूमधाम से मनाया गया। मंडल अध्यक्षा कांता शर्मा, सुनीता रावतानी, रेखा सोनी, सुशीला ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम शुरुआत की। इस अवसर पर गणगौर सजाओ प्रतियोगिता व गणगौर डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। डांस प्रतियोगिता में 21 व गणगौर सजाओ प्रतियोगिता में 21 प्रतिभागी शामिल हुए। निर्णायक सुनीता रावतानी, रेखा सोनी, सुशीला रहे। महिला मंडल व श्याम सखी मंडल द्वारा निर्णायकों का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। मंच संचालन स्वाति व भारती सोनी ने किया। महिला मंडल व सखी मंडल के सभी सदस्याओं ने व्यवस्थाएं संभाली। कांता शर्मा ने आभार जताया। गणगौर नृत्य में क्रमशः प्रीति शर्मा, स्वाति शर्मा, प्रीति भारतवाल, गणगौर सजाओ प्रतियोगिता में क्रमशः कनिष्का शर्मा, सुनीता टेलर, स्वाति शर्मा विजेता रहे। इसी प्रकार मिस गणगौर में प्रथम पूनम शर्मा को ताज पहना कर स्वागत किया गया।

## राजस्थान दिवस पर जवाहर कला केंद्र में 'समुद्र मंथन' की भव्य प्रस्तुति, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रहीं मुख्य अतिथि



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान दिवस समारोह के तहत पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को जवाहर कला केंद्र में विश्व की पहली नाट्य प्रस्तुति मानी जाने वाली पौराणिक कथा 'समुद्र मंथन' का मंचन किया गया। इस भव्य आयोजन में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के रंगमंडल के निर्देशक चितरंजन त्रिपाठी के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक में 100 से अधिक कलाकारों ने सशक्त अभिनय किया। नाटककार आसिफ अली ने इस महाकाव्य को समकालीन संदर्भों से जोड़ते हुए बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। नाटक की विशेषता यह रही कि इसकी शुरुआत ही एक प्रश्न से होती है– हम नाटक और कला से क्या प्राप्त करते हैं और जीवन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन क्यों नहीं करते यह प्रश्न पूरे नाटक के दौरान दर्शकों के साथ चलता है और अंत में गहन संदेश के साथ उत्तर देता है। निर्देशक चितरंजन त्रिपाठी की प्रस्तुति में मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और संगीत का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। बड़े स्क्रीन और दृश्य प्रभावों के माध्यम से समुद्र मंथन के पौराणिक प्रसंगों को जीवंत किया गया, जिससे दर्शक पूरे समय मंत्रमुग्ध रहे। कहानी के अनुसार ऋषि दुर्वासा के शाप से देवराज इंद्र शक्तिहीन हो जाते हैं और दैत्यराज बलि स्वर्ग पर अधिकार कर लेता है। इसके बाद भगवान विष्णु के निर्देश पर देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन किया जाता है, जिससे अमृत के साथ-साथ विष भी निकलता है। यह प्रसंग नाटक में आधुनिक संदर्भों के साथ जोड़ा गया, जहां विकास के साथ उत्पन्न हो रहे प्रदूषण, प्लास्टिक और पर्यावरणीय संकट को 'विष' के रूप में दर्शाया गया। नाटक ने यह संदेश दिया कि आधुनिकता की दौड़ में हम अपने पर्यावरण, स्वास्थ्य और सामाजिक संतुलन की अनदेखी कर रहे हैं, जिस पर गंभीर मंथन की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि 'समुद्र मंथन' की देशभर में 25 से अधिक प्रस्तुतियां हो चुकी हैं और हर बार इसे दर्शकों से सराहना मिली है।

## युवा शक्ति दिवस का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निस)।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के दिशा निर्देशानुसार कुंड रोड़ स्थित नारायणी देवी महिला महाविद्यालय प्राचार्या डॉ नीलम यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्थान दिवस समारोह सप्ताह के अंतर्गत युवा शक्ति दिवस मनाया गया। डॉ नीलम यादव ने अपने सम्बोधन में राजस्थान के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा है कि राजस्थान पुरानी परम्पराओं से ओत प्रोत और शूरवीरों की भूमि रहा है। इसका इतिहास वीरगाथाओं से भरा हुआ है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जगबीर यादव ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र यादव ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप इसी तरह प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्वयं का सर्वांगीण विकास और महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहें। उन्होंने राजस्थान को जानो क्विज प्रतियोगिता के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। निबंध प्रतियोगिता में एनएसएस स्वयंसेविका सपना प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर करिश्मा रही। भाषण प्रतियोगिता में एनसीसी कैडेट दिव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्रतिभावान छात्रा सपना यादव नासरपुर प्रथम स्थान पर रही। इस अवसर पर कॉलेज सचिव ओमप्रकाश यादव व्याख्याता, रामरतन सूद, करणसिंह यादव, सुधा मंडोवरा, अजय सिंह चौहान, प्रियंका वर्मा, राजकुमार सैनी आदि स्टाफ और छात्राएं उपस्थिति रहे।

## जयपुर में 29 मार्च को निःशुल्क नेत्र जांच महाशिविर, 4 हजार लोगों की जांच का लक्ष्य

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** सक्षम संस्था जयपुर की ओर से शहर में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच महाशिविर का आयोजन 29 मार्च 2026 (रविवार) को एस.एस.जी. पारीक पीजी कॉलेज, बनीपार्क में किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। संस्था की ओर से बताया गया कि शिविर में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम की ओर से लगभग 4 हजार लोगों की आंखों की जांच की जाएगी। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां, चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे तथा चयनित मरीजों के आंखों के ऑपरेशन भी निःशुल्क करवाए जाएंगे। शिविर में 25 नेत्र रोग विशेषज्ञ, 50 ऑप्टोमैट्रिस्ट और करीब 125 कार्यकर्ता अपनी सेवाएं देंगे। इस आयोजन में महेश भगवती बलदवा फाउंडेशन, हैदराबाद का विशेष सहयोग रहेगा। सक्षम संस्था की ओर से इससे पूर्व रामदेवरा में 33 दिवसीय नेत्र कुंभ का सफल आयोजन किया जा चुका है, जिसमें 1 लाख से अधिक लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच, दवा और चश्मा वितरण किया गया था तथा 6224 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया था। संस्था पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## बहरोड़ में लिव-इन में रह रही महिला ने लगाई फांसी, पीहर-ससुराल ने शव लेने से किया इनकार

जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निस)।** कस्बे की एक सोसायटी में रविवार देर रात 28 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला पिछले करीब आठ माह से अपने प्रेमी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि महिला पहले अपने पति और बच्चों के साथ शहर में रहती थी और एक दुकान पर काम करती थी। कुछ समय पहले वह अपने पति व बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ रहने लगी थी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार 15 मार्च को महिला और उसका प्रेमी मंदिर गए थे। वापस लौटने पर प्रेमी को उसकी मां के बीमार होने की सूचना मिली, जिस पर वह उन्हें डॉक्टर के पास ले जाने चला गया, जबकि महिला फ्लैट पर लौट आई। देर रात जब प्रेमी वापस लौटा तो दरवाजा खटखटाने और फोन करने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उसने पड़ोसियों की मदद से बालकनी का दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया, जहां महिला पंखे से लटकी हुई मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सोमवार को मामले में नया मोड़ तब आया जब महिला के पीहर पक्ष और पति दोनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। पुलिस परिजनों को समझाइश देने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

## इफ्तार दावत में शामिल हुए विधायक बुड़ानिया

### रोजेदारों के साथ खोला रोजा; अमन-चैन की दुआ



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के वार्ड 5 स्थित हनीफिया मदरसा में निवर्तमान पार्षद अदरीश सैय्यद की ओर से आयोजित रोजा इफ्तार दावत में स्थानीय विधायक नरेंद्र बुड़ानिया ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने रोजेदारों के साथ इफ्तार किया और उनके रोजे खुलवाए। विधायक बुड़ानिया ने कहा कि त्यौहार हमें आपसी भाईचारे, एकता और सौहार्द का संदेश देते हैं। इसलिए सभी को हर त्योहार मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम और सद्भाव को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर रोजेदारों ने रमजान के पवित्र महीने में देश में अमन-चैन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष भागीरथ भामी, वरिष्ठ अधिवक्ता रतन चाचान, कुंदन सैनी, आसिफ, हामिद नाई, अल्ताफ सैय्यद, जावेद सैय्यद, आजम, सतार खटीक, अयूब नाई, दीन मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सड़कों की मरम्मत करवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कॉमरेड जगदीश नाथ ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को एक ज्ञापन सौंपकर वार्ड न. 5 में दीप बाल मंदिर स्कूल के आस-पास आपणी योजना की पाईप लाईड डालने के लिए तोड़ी गई सड़कों को सही करवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सड़कों पर आवागमन करने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए इन सड़कों को तोड़ने वाले लोगों से वापस पैच वर्क करवाए जाकर जनता को राहत प्रदान की जाए।

## गौसेवा कर मनाया वैश्य एकता दिवस



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक रामदास अग्रवाल की जयंती के अवसर पर श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाकर वैश्य एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक अरविंद जालान ने रामदास की ओर से किए गए कार्यों की प्रशंसा की और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में पंकज पोद्दार ने जानकारी दी कि चूरू जिले की अन्य तहसीलों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष पवन माहेश्वरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में परमानंद मंगलूनिया, नौरतन भेभराजका, हरि भगवान बेड़िया, हरि प्रसाद मोदी, दिनेश पंसारी, राकेश तोदी, मानक खेतान, लक्ष्मण कुमार बेड़िया आदि मौजूद रहे।

## गैस आपूर्ति में पारदर्शिता पर जोर, 24-48 घंटे में डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई ने गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए मंगलवार को गैस एजेंसी संचालकों की बैठक ली। बैठक में घरेलू गैस वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। एसडीएम कौशल्या बिश्नोई ने कहा कि उपभोक्ताओं को बुकिंग के 24 से 48 घंटे के भीतर गैस सिलेंडर की डिलीवरी हर हाल में सुनिश्चित की जाए। वितरण में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि गैस एजेंसियों के बाहर स्टॉक बोर्ड एवं रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, ताकि उपभोक्ताओं को सही जानकारी मिल सके। बैठक में यह भी कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को वितरण रूट चार्ट की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम बिश्नोई ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या नियमों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एजेंसी संचालकों ने गैस आपूर्ति सामान्य रहने की जानकारी दी, जिस पर प्रशासन ने सतत निगरानी बनाए रखने की बात कही।

## सड़क दुर्घटना में मां-बेटा घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर रोड स्थित बोबासर पुलिया से पहले कार मोटरसाइकिल टक्कर में माँ-बेटा चोटिल हो गए। जिनको उधर से गुजर रहे सुजानगढ़ निवासी मुरली प्रजापत और बसंत प्रजापत अपनी निजी कार से बगड़िया अस्पताल लेकर पहुंचे और इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। जानकारी के मुताबिक मोटरसाइकिल सवार सालासर से सुजानगढ़ तथा कार पेट्रोल पंप पर मुड़ रही थी कि टक्कर हो गयी। दुर्घटना मे मोटरसाइकिल सवार कविता पत्नी पंकज प्रजापत, बेटा लक्ष्य, निवासी दड़ीबा, दोनों को चोट लगी।

## एनजीटी आदेश पर बीदासर इंडस्ट्री एरिया का रीको ट्यूबवेल सीज

### बिजली कनेक्शन कटते ही फैक्ट्रियों पर जल संकट

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार सुबह प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रीको की ओर से संचालित ट्यूबवेल को सीज कर दिया तथा उसका बिजली कनेक्शन भी काट दिया। यह कार्रवाई नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (सेंट्रल जोन, भोपाल) के आदेशों की पालना में की गई है, जिससे पूरे इंडस्ट्री एरिया में जल संकट गहरा गया है।



उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव ने बताया कि यह कार्रवाई ऑरिजनल एप्लिकेशन नंबर 71/2024 (ताहिर हुसैन बनाम जलशक्ति मंत्रालय व अन्य) में 21 जनवरी को पारित आदेश के तहत की गई। रीको चूरू प्रबंधन की रिपोर्ट के अनुसार, औद्योगिक क्षेत्र के ट्यूबवेल के लिए केंद्रीय भू-जल प्राधिकरण से एनओसी प्राप्त करने हेतु 20 मई 2024 को आवेदन किया गया था, जिसे 10 जुलाई 2024 को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद न्यायालय व जिला कलेक्टर चूरू के निर्देश पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए ट्यूबवेल को सील कर दिया और उसका विद्युत कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिया। साथ ही संबंधित विभागों को मौके पर निगरानी रखने और किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत देने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अमरसिंह बौचला, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता रामनारायण मदेरणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### फैक्ट्रियों पर बढ़ा संकट, महंगा होगा उत्पादन

रिको संघ बीदासर के अध्यक्ष केशर सिंह चौहान ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में करीब 35 से 40 फैक्ट्रियां संचालित हैं। ट्यूबवेल बंद होने से पानी की भारी किल्लत हो गई है, जिससे उत्पादन प्रभावित होना तय है। उद्योगों को अब टैंकरों के जरिए पानी मंगवाना पड़ेगा, जिससे लागत बढ़ेगी और आर्थिक नुकसान होगा। वैकल्पिक व्यवस्था की तलाश प्रशासनिक सख्ती के चलते फिलहाल ट्यूबवेल के दोबारा चालू होने की संभावना कम है। ऐसे में उद्योग संचालकों को वैकल्पिक जल स्रोत तलाशने होंगे। वहीं उद्योग जगत इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से राहत की उम्मीद लगाए हुए है।

## मण्डावा में कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मण्डावा कस्बे की ब्रह्म बगीची के निकट गोगा मेडी प्रांगण में मंगलवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथावाचक श्री वृद्धावन धाम के आचार्य श्री कृष्णकांत उपाध्याय महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कथा के शुभारंभ के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित हुए। आयोजन के पहले दिन सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर भीड़ जुटने लगी थी, जिसे आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंच पर भगवान श्रीकृष्ण की झांकी भी स्थापित की गई थी, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा। मुख्य यजमान सुनीता कुमावत व राजेश कुमार आदि रहे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का माध्यम बन गया है। सुनीता ने सभी श्रद्धालुओं से कथा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। कथा के प्रथम दिन कथावाचक श्रीकांतकांत महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मनुष्य के जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। उनके अनुसार, कथा श्रवण से जीवन के दुख, क्लेश और मानसिक तनाव दूर होते हैं, जिससे घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है। कथा में राजेश कुमावत, सुनीता कुमावत, आयुष, करण, आनंद, सौरभ, सुमित, हिमांशु,आयुष लक्ष्मी, सरोज, संजू, अंजू, ललिता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नैत्र चिकित्सा शिविर में 178 लोगों की जांच, ऑपरेशन के लिए 46 का चयन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ व जानकीप्रसाद शर्मा मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में इस्माइल छींपा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र जनाब रफीक कूकड़ा के सौजन्य से मंगलवार को निःशुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। यंग्स क्लब सभागार में आयोजित शिविर के बारे में जानकारी देते हुए क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि नेत्र शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से 178 रोगियों की निःशुल्क जांच कर मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक 46 रोगियों का चयन किया गया। चयनित रोगियों के निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से निःशुल्क किए जाएंगे। जांच किए गए रोगियों को निःशुल्क दवा दी गई। शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद हाजी शमसुद्दीन स्नेही ने कहा कि -आंख है तो जहान् है। क्लब की स्थापना से जुड़े स्नेही ने यंग्स क्लब के सेवा प्रकल्पों की सराहना की।



इस अवसर पर डॉ अपूर्व कोटिया ने काला पानी (ग्लूकोमा) रोग विषयक जानकारी देकर नेत्र रोगियों को जागरूक किया। इस अवसर पर एडवोकेट पवन दाधीच, भामाशाह रफ़ीक कूकड़ा, फरीदा खातून, भामाशाह कमला सिंघी, विमल पाटनी, सुशीला देवी क्याल, मोहम्मद बिलाल इंयारा वाले, अब्दुल गफ्फार, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद असलम मौलानी, सबदल खान, मोहम्मद हुसैन कूकड़ा, क्लब सचिव महावीर मिरनका, मुन्नालाल प्रजापत, बिमल भूतोडिया, माणक रामपुरिया, गोपाल चोटिया, हाजी मोहम्मद, जन्नत बेगम, योगेंद्र -वीणा भोजक, राजकुमार क्याल भी मौजूद थे। शिविर को सफल बनाने में समाज सेवी मूलचंद तिवाड़ी, रमन प्रजापत, रामचन्द्र टेलर, मालचंद प्रजापत का सहयोग रहा।

## मंडावा में शब-ए-कद्र पर इबादत में डूबे अकीदतमंद, मस्जिदों में रातभर गूंजी दुआएं

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** मंडावा क्षेत्र की मस्जिदों में रमजान माह की पवित्र रात शब-ए-कद्र (लैलतुल कद्र) अकीदत और एहतराम के साथ मनाई गई। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने रातभर जागकर नमाज अदा की, कुरान की तिलावत की और अपने गुनाहों की माफी मांगते हुए अमन-चैन व खुशहाली की दुआएं की। अबूबक्र मस्जिद के सदर हाजी एफजे खत्री ने बताया कि शब-ए-कद्र रमजान के आखिरी दस दिनों की सबसे पवित्र रातों में से एक है, जिसे आमतौर पर 27वीं रमजान की रात के रूप में मनाया जाता है। इसी रात कुरान शरीफ का अवतरण हुआ था, जिससे इस रात का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि इस रात की गई इबादत का सवाब हजार महीनों की इबादत के बराबर माना जाता है। इस अवसर पर क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। मंडावा सहित आसपास के गांवों में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने पूरी श्रद्धा के साथ इस रात को मनाया और बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में इबादत के लिए जुटे। जुम्मा मस्जिद के सदर हाजी आमीन छोटू मौम ने बताया कि यह रात बेहद बरकत वाली होती है, जिसमें मांगी गई हर जायज दुआ कुबूल होती है। मस्जिदों में तड़के सहरी तक इबादत का सिलसिला जारी रहा।

### ईद को लेकर बढ़ी उत्सुकता:

शब-ए-कद्र के साथ ही अब मुस्लिम समाज में ईद- उल-फितर को लेकर उत्साह बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि चांद दिखने के अनुसार 20 या 21 मार्च को ईद मनाई जा सकती है। वहीं त्योहार को लेकर बाजारों में भी खरीदारी की रौनक बढ़ने लगी।

### स्कूल में बरामदे की पट्टी टूटकर लटकी

## मरम्मत कार्य समय पर शुरू नहीं होने की लापरवाही आई सामने



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय वार्ड न. 57 में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय संख्या 35 में मिड डे मील का भोजन पकाने के लिए बनी रसोई और उसका बरामद काफी जर्जर अवस्था में हैं। मंगलवार को बरामदे की एक पट्टी टूटकर हवा में ही लटक गई। संस्था प्रधान कृष्णा गोदारा से जानकारी चाहने पर बताया कि पिछले जुलाई माह में मरम्मतीकरण के लिए करीब 5 लाख का टेंडर हुआ था। लेकिन बार-बार निवेदन के बाद भी ठेकेदार फर्म ने मरम्मत का कार्य पूरा नहीं किया। संस्था प्रधान ने बताया कि हाल ही में हम लोगों ने छत की रिपेयर करवाई गई थी। लेकिन रसोई और उसका बरामद काफी जर्जर अवस्था में हैं। जिनको ठीक नहीं किए जाने से आज ये हादसा होते-होते बच गया। क्योंकि जिस पर वक्त भीलवाड़ा पत्थर की पट्टी टूटी उस वक्त सभी बच्चे कक्षाओं में परीक्षा दे रहे थे। संस्था प्रधान ने बताया कि अगर बच्चे इस बरामदे में खेलते होते और पट्टी गिरती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं दस्तावेज खंगालते पर सामने आया कि 18 प्रतिशत बिलो में यह मरम्मीकरण का टेंडर 7 जनवरी 2026 को हुआ था, जिसे नीलकमल कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से 9 मार्च 2026 तक कंपलीट किया जाना था। कुल 4 लाख 1 हजार 187 रू. स्वीकृत हुए थे। लेकिन अब तक मरम्मतीकरण का कार्य नहीं किया गया है। दूसरी ओर इस मामले में सम्बंधित फर्म से बात करने पर ठेकेदार बसंत पारीक ने बतया कि पीडबल्यूडी के अधिकारी के साथ जाकर कल ही मौका देखूंगा और काम शुरू किया जायेगा। वहीं पार्षद जाकिर क्याल ने बताया कि प्रशासन अगर समय पर निर्माण कार्य और मरम्मतीकरण का कार्य करवाये, तो बच्चों को परेशान नहीं होना पड़ता। लेकिन इस गंभीर विषय के प्रति न तो शिक्षा विभाग सक्रिय है और न ही ठेकेदार। इसलिए हमारी मांग है कि जल्द से जल्द स्कूल में स्वीकृत पैसों से जो कार्य होना है, वो पूरा किया जाए तथा रसोई और बरामदे का नव निर्माण किया जाए।

## 750 ग्राम डोडा पोस्त जब्त, आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन एंटी वेनम' के तहत पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ ने कार्रवाई करते हुए 750 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार 15 मार्च से 31 मार्च 2026 तक चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत सीकर जिला पुलिस की ओर से मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में मंगलवार को थानाधिकारी राजाराम लेघा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फतेहपुर-सालासर रोड पर गांव बाटड़ानाउ के पास दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी बलविंदर सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी पटियाला (पंजाब) के कब्जे से 750 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मामला दर्ज कर थाना लक्ष्मणगढ़ में एफआईआर दर्ज गई है।गौरतलब है कि इसी सप्ताह पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में मो. आसिफ निवासी लक्ष्मणगढ़ से गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण दर्ज किया था।वृताधिकारी दलीपकुमार मीणा ने बताया कि क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नशा मुक्ति के लिए जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएंगे।


### नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम प्रहलाद चंद से बदल कर प्रहलाद चंद दुधवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम प्रहलाद चंद दुधवाल के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

**प्रहलाद चंद दुधवाल पुत्र आसूराम निवासी धां चारणान, तहसील सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26 / 15056 दिनांकः- 17/3/26

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आंवटन ) नियम 2012 के तहत भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावली के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अंदर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.स. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री मोहित पाण्डे पुत्र श्री कमल कुमार पाण्डे | वार्ड नं. 16 राजलदेसर | 93.10 वर्गमीटर | 69-क |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका राजलदेसर**

### कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज, चूरू

website- www.education.rajasthan.gov.in/mcchuru
Email- principal.mc.churu@rajasthan.gov.in Phone: 01562-251888
क्रमांक-लेखा/निविदा/Generator&Electrical Pannel Service/2025/942
दिनांकः- 12.03.2026

**E-NIT-26/2025-26**
**(UBN No.-MCC 25 26 SSOB00034**

Online Bid for Repairing Work of 33 KVA Cable Line are invited from interested bidders up to ...... for Medical College, Churu. The estimated value of PM on dated procurement is about Rs 7,00,000/-. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal htpp// sppp. rajasthan. gov.in of the State, https//eproc.rajasthan.gov.in.

**Principal**
DIPR/C/5493/2026 **PDU Medical College, Churu**

राजस्थान सरकार

### कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग चूरू

**केन्द्रीय विद्यालय के सामने, फोन नं. 01562-250189**
ई-मेलः dcpu.chu@rajasthan.gov.in

क्रमांक :जिबासंई/चा.हे.ला./निविदा/2025-26/770 दिनांक :- 11.03.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

मिशन वाल्सल्य योजना अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई चूरू में प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट युनिट के तहत 'चाइल्ड हेल्पलाईन सर्विस (1098)' के संचालन के हेतु 01 वर्ष के लिए 24X7 मानव सेवा प्रोजेक्ट कार्डिनेटर 01 पद, काउंसलर 01 पद, सीएचएल सुपरवाईजर 03 पद एवं केस वर्कर 03 पद उपलब्ध करवाने एवं संचालन हेतु ई-निविदा पंजीकृत सर्वेदको / बोलीदाता से दिनांक 10 मार्च 2026 से दिनांक 20 मार्च 2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत सूचना वेबसाईट htpp/ eproc. rajasthan.gov.in & http//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। अपलोड करने की दिनांक 10.03.2026 को 06:00 पी.एम ।

| क्र.स. | निविदा | अनुमानित राशि | SPPP UBN | निविदा ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 चूरू में मानव संसाधन उपलब्ध करवाने हेतु । | 20.88 लाख | http// sppp. rajasthan. gov.in UBN is CED 2526 SLOB 00105 | दिनांकः- 20.03.2026 सायं 06.00 बजे तक |

DIPR/C/5562/2026

**सहायक निदेशक**
**जिला बाल संरक्षण इकाई चूरू**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
18 मार्च, 2026

## मण्डावा में परिण्डा अभियान का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मुकुंदगढ़ मार्ग स्थित टीकमदास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति में मंगलवार को 'पक्षी मित्र अभियान के अंतर्गत परिंडे अभियान कार्यक्रम पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सज्जन मिश्रा के सानिध्य में हुआ। इस अवसर समिति के रविंद्र शर्मा ने बताया कि समिति ने एक दर्जन से अधिक परिंडे मूक पक्षियों के लिए लगाकर उनको नियमित भरने की जिम्मेदारी ली। इस कार्यक्रम में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश सोनी ने कहा कि हम सबको पक्षियों के लिए पानी दाने की व्यवस्था करनी चाहिए। गर्मियों के दिनों में हम देखते है कि प्यास के बहुत से पक्षी दम तोड़ देते है। अगर हम जगह जगह पानी की व्यवस्था बना देंगे तो उनकी जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में समाज सेवी मनोज भादूपोता ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मूक, बेजुबानो की सेवा करना अपने आप में बहुत पुण्य का काम है जो हर व्यक्ति को करना चाहिये। इस अवसर पर प्रकाश स्वामी, अनुप शर्मा, महेश बारी, बाबूलाल नाई, महंत नरेंद्र सुरोलिया, वंश माथुर, गजेंद्र सिंह, विक्रम नायक, मोहनलाल, प्रवीण, शुभम, हैप्पी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष किशोर सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया। अंत में सभी अतिथियों ने गौवंश को गुड़ खिलाया।

## रावणा राजपूत समाज की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्री सीताराम मन्दिर में राजेन्द्र सिंह पंवार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें प्रति वर्ष की भांति हनुमान जयन्ती मनाने व रात्रि जागरण व प्रसाद वितरित सहित विभिन्न मुददो पर चर्चा हुई। वार्षिक लेखा - जोखा भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में राजेन्द्र सिंह पंवार, गोविन्द सिहं चौहाण, राजेश रणजीरोत, किशोरसिंह जाटू, राजकुमार निर्वाण, किशोरसिंह शेखावत, गजान्नद पंवार, राजेन्द्र सिंह रणजीरोत, हरिसिंह नरूका, सत्यनारायण खेजड़ोलिया, सुनील सिंह, राजेन्द्र नरूका, सीताराम मेड़तिया आदि उपस्थित रहे

## राजाखेड़ा पालिका की लापरवाहीः लाखों के रिजेक्ट उपकरण जंग खा रहे

**राजाखेड़ा(धौलपुर)।** नगर पालिका राजाखेड़ा की लापरवाही के चलते लाखों रुपए की लागत से खरीदे गए उपकरण रिजेक्ट होने के बाद खुले में पड़े-पड़े जंग खा रहे हैं। समय रहते इनकी नीलामी नहीं होने से पालिका को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जबकि नीलामी से लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त हो सकता है। जानकारी के अनुसार पालिका द्वारा पूर्व में खरीदे गए लोहे के उपकरण, जिनमें चल शौचालय टैंकर, बड़े कचरा पात्र, कचरा ढोने वाली गाड़ियां सहित अन्य सामग्री शामिल है, उपयोग में नहीं आ पाने के कारण लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी है। ये उपकरण राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम बस स्टैंड परिसर तथा नगर पालिका प्रांगण स्थित गेस्ट हाउस के सामने खुले में पड़े हुए हैं। खुले में पड़े रहने के कारण इन उपकरणों में लगातार जंग लग रही है और धीरे-धीरे उनकी स्थिति खराब होती जा रही है। यदि समय रहते इनकी नीलामी कर दी जाए तो पालिका को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकता है और कुछ हद तक राजस्व भी प्राप्त हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण सार्वजनिक धन से खरीदी गई सामग्री बर्बाद हो रही है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन व प्रशासक से मांग की है कि जल्द से जल्द इन अनुपयोगी उपकरणों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाए,

PRJBK010002942026_2_1
RJBK01-000294-2026

Appendix H, No. 4
**IN THE COURT OF: District Judge, Bikaner District Bikaner, (Rajasthan)**
**Name of Presiding Officer: ASHWANI VIJ**

NOTICE TO SHOW CAUSE.
(GENERAL FORM)
Civil Misc. Non connected (38)/11/2026
Parmehswari devi Vs Sarvasadharan
NEXT DATE: 15-04-2026

To,
**Sarvasadharan**
Last Residence of Late Ummed Kumar Mehra S/O Jaiprakash R/O Village Dudhwakhara Teh and Distt. Churu, Public Place, Notice Board, News Paper...

Whereas in the above-named Permeshwari Devi has made application to this Court that To Issue Sucession Certificate in favour of Permeshwari Devi in respect of death claim amount in the name of late Ummed Kumar

You are hereby warned to appear in this Court in person or by a pleader duly instructed on the 15-04-2026 at 11:00 O'clock in the forenoon, to show cause against the application, failing wherein, the said application will be heard and determined ex parte.

Given under my hand and the seal of the Court, this 07-03-2026

**न्यायालय की आज्ञा से**
**मुख्य मंत्रालयिक अधिकारी न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश बीकानेर राज.**

# ऑपरेशन 'शिकंजा' में धौलपुर पुलिस नंबर-1, 716 वारंटियों-भगोड़ों का निस्तारण; रेंज में 32.22' कार्रवाई

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** भरतपुर रेंज में चलाए गए विशेष अभियान 'ऑपरेशन शिकंजा' में धौलपुर पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। अभियान के तहत जिले में कुल 716 स्थायी वारंटियों, पीओज, भगोड़ों व इनामी अपराधियों के मामलों का निस्तारण किया गया, जो रेंज की कुल कार्रवाई का 32.22 प्रतिशत है।

भरतपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई द्वारा 1 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करना था। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में जिले में सघन कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं एडीएफ मुख्यालय बाड़ी डॉ. कमल कुमार के सुपरविजन में सभी थानों को विशेष रणनीति बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए। थाना स्तर पर अलग-अलग टीमें गठित कर फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी गई।

इसी रणनीति का परिणाम रहा कि धौलपुर पुलिस ने 647 स्थायी वारंटी, 3 पीओज, 47 भगोड़े और 17 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार या अन्य माध्यमों से निस्तारित किया। रेंज में कुल 2517 मामलों के निस्तारण में धौलपुर ने सबसे अधिक 716 मामलों का निपटारा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

थाना बाड़ी कोतवाली अव्वल, बसेड़ी दूसरे व मनियां तीसरे स्थान पर

अभियान में थाना स्तर पर भी उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिला। थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में बाड़ी कोतवाली ने 98 स्थायी वारंटी, 1 भगोड़े व 3 इनामी आरोपियों के निस्तारण के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं बसेड़ी थाना (थानाधिकारी बालकृष्ण) ने 93 स्थायी वारंटी, 6 भगोड़े व 1 इनामी आरोपी के निस्तारण के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

तीसरे स्थान पर मनियां थाना (थानाधिकारी नीरज शर्मा) रहा, जहां 68 स्थायी वारंटी, 5 भगोड़े व 2 इनामी आरोपियों का निस्तारण किया गया।

इसके अलावा राजाखेड़ा थाना ने 26 स्थायी वारंटी, 4 भगोड़े व 5 इनामी आरोपी, सदर धौलपुर ने 64 स्थायी वारंटी, 2 पीओज व 2 इनामी आरोपी, कोतवाली थाना ने 59 स्थायी वारंटी व 3 भगोड़े सहित अन्य थानों ने भी प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि यह अभियान चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि कई आरोपी वर्षों से फरार थे और अपने ठिकाने बदल चुके थे। बावजूद इसके पुलिस टीमों ने समन्वय व रणनीति के साथ कार्रवाई कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि फरार अपराधियों को पकड़कर कानून के दायरे में लाया जा सके और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

## अधिशासी अभियंता ने जलदाय विभाग का किया निरीक्षण, पेयजल आपूर्ति सुधारने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता महेंद्र काटिवाल ने विभाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमजन तक पर्याप्त और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता ने विभागीय व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जल वितरण प्रणाली, पाइपलाइन व्यवस्था और सप्लाई शेड्यूल की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी या अनियमितता की शिकायत नहीं आनी चाहिए तथा समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। इस दौरान भाजपा महामंत्री खेमराज पारीक ने अधिशासी अभियंता को कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर महेंद्र काटिवाल ने संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता अशोक यादव भी उनके साथ मौजूद रहे। वहीं विभाग के कर्मचारी लालचंद मारू और गुलाब माली सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। अधिशासी अभियंता ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

राजस्थान युवा शक्ति दिवस पर सीएम भजनलाल शर्मा का संबोधन

## राजाखेड़ा में खेल स्टेडियम का वर्चुअल लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान युवा शक्ति दिवस 2026 के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जयपुर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम, मानसरोवर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें राज्य के विकास की आधारशिला बताते हुए नवाचार, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया, जिसमें धौलपुर जिले के राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में खेल स्टेडियम का वर्चुअल लोकार्पण भी शामिल रहा। इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें रोजगार, शिक्षा व उद्यमिता के क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाकर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला स्तर पर नगर परिषद टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। सभी ने वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन को सुना और कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीना, उपखंड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी बलभद्र सिंह, भाजपा की नीरजा शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी व नवनियुक्त युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने युवा शक्ति को सशक्त बनाने और राज्य के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## राजाखेड़ा में बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई

### 22 लाख बकाया पर 9 ट्रांसफार्मर उतारे, वसूली अभियान तेज



जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा(निस)।** जेवीवीएनएल की ओर से बकाया वसूली को लेकर सख्ती बरतते हुए मंगलवार को उपखंड राजाखेड़ा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। करीब 22 लाख रुपए के बकाया बिलों पर 9 ट्रांसफार्मर उतारकर विभागीय स्टोर में जमा कराए गए। अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशानुसार सहायक अभियंता आनंद तिवारी व विशेष रिकवरी अधिकारी गोपाल लाल सैनी के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कनिष्ठ अभियंता मरैना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए बिचौला फीडर से 4 और हथवारी फीडर से 5 ट्रांसफार्मर हटाए गए। सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में कई उपभोक्ताओं की ओर से वर्षों से बिजली बिल जमा नहीं कराया जा रहा था, जिससे बकाया राशि लगातार बढ़ती जा रही थी। विभाग की ओर से अब प्रत्येक कनेक्शन की जांच कर बकाया होने पर डिस्कनेक्शन और सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे समय पर अपने बिजली बिलों का भुगतान करें, ताकि इस प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके। अभियान के दौरान कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, रणवीर सिंह मूंड, विशाल जायसवाल सहित वरिष्ठ तकनीशियन भूदेव प्रसाद शर्मा, जगदीश सिंह, रमेश लोधी, राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, खुर्शीद खां, अयूब खां, लक्ष्मण सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा को बढ़ावाः धौलपुर में फूड हैंडलर्स को दिया फोस्टेक प्रशिक्षण




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में आमजन को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को खाद्य व्यापारियों एवं फूड हैंडलर्स के लिए फोस्टेक (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई), नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के विशेषज्ञों ने प्रदान किया। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और गुणवत्ता सुनिश्चित कर ही उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, स्वच्छता मानकों, लाइसेंसिंग नियमों व गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही, रियुज्ड कुकिंग ऑयल (आरयूसीओ) के दुष्प्रभावों व इसके सुरक्षित निस्तारण के तरीकों पर भी विशेष जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के मिठाई विक्रेता, नमकीन कारोबारी, होटल-रेस्टॉरेंट संचालक, डेयरी संचालक, थोक व खुदरा किराना व्यापारी, घी-तेल व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता, चाय-नाश्ते के स्टॉल संचालक, कचौरी-पकौड़ी विक्रेता सहित स्ट्रीट वेंडर्स ने भाग लिया। इसके अलावा अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड डे मील कुक, आवासीय विद्यालयों के रसोई कर्मचारी, राजीविका समूह के सदस्य व आशा सहयोगिनियों को भी प्रशिक्षण में शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों को फूड अथॉरिटी की ओर से इस प्रशिक्षण हेतु प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के माध्यम से खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों में स्वच्छता, गुणवत्ता और उपभोक्ता सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया गया।

## सुमेरपुर में 'बजरी का काला खेल'! प्रशासन 'सिस्टम' के आगे फैल

### रातभर दौड़ते ओवरलोड ट्रैक्टर, प्लॉटों में अवैध स्टॉक–सड़क पर फिसलन से युवक घायल, सिस्टम पर उठे बड़े सवाल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर शहर में बजरी के अवैध परिवहन और भंडारण का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। लगातार मिल रही शिकायतें और ताजा घटनाएं इस ओर इशारा कर रही हैं कि रात के समय शहर में बड़े स्तर पर बजरी का परिवहन और स्टॉकिंग हो रही है, जिससे आमजन की सुरक्षा पर सीधा खतरा मंडरा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, देर रात होते ही सुमेरपुर की लगभग हर सड़क पर बजरी से भरे ट्रैक्टर तेज गति से दौड़ते नजर आते हैं। इन ट्रैक्टरों में अक्सर ओवरलोड बजरी भरी होती है, जो चलते समय सड़कों पर गिरती रहती है। इससे कई स्थानों पर सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं, जो विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए जोखिमपूर्ण स्थिति पैदा कर रही हैं।

### हर सड़क पर ट्रैक्टरों की आवाजाही, रात में बढ़ती हलचलः

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि शहर के प्रमुख मार्गों पर देर रात से सुबह तक ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही बनी रहती है। तेज गति और लापरवाही के कारण सड़क पर बजरी बिखर जाती है, जिससे यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। प्लॉटों में बड़े स्तर पर बजरी स्टॉक करने की शिकायत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खाली प्लॉटों और निजी स्थानों पर बजरी के बड़े-बड़े ढेर स्टॉक किए जाने की भी शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि बजरी का परिवहन संगठित तरीके से भंडारण और सप्लाई के उद्देश्य से किया जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार मिल रही सूचनाओं ने जांच की जरूरत को और महत्वपूर्ण बना दिया है। इसी बीच, मंगलवार को कानपुरा प्याऊ के पास एक हादसे ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया। भारुण्दा से सुमेरपुर आ रहे प्रभुराम जाणा की







मोटरसाइकिल सड़क पर फैली बजरी के कारण फिसल गई, जिससे वे घायल हो गए। उनके दोनों हाथों में गंभीर छोटे आई। स्थानीय लोगों ने सड़क पर बिखरी बजरी को दुर्घटना का कारण बताया।

### प्रशासनिक निगरानी पर सवाल,कार्रवाई की मांग तेजः

लगातार हो रही घटनाओं और शिकायतों के बीच अब प्रशासन और पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि नियमों के विपरीत बजरी का परिवहन और भंडारण हो रहा है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### जनता की पुकार, अब कार्रवाई जरूरीः

शहरवासियों ने मांग की है कि रात के समय गश्त बढ़ाई जाए, अवैध परिवहन पर रोक लगाई जाए और जहां भी बिना अनुमति बजरी का स्टॉक किया गया है, वहां नियमानुसार कार्रवाई हो। फिलहाल, पूरे मामले में प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सभी की नजर टिकी हुई है। लोगों का कहना है कि यह सब कुछ पुलिस प्रशासन कि नाक के नीचे बैखौफ बजरी खनन हो रहा है।